दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



आर माधवन ने साझा किया रॉकेट्री से बीटीएस वीडियो....

क्रति सेनन साड़ी में ....

वर्ष : 09 | अंक : 322 | लखनऊ, 29 अक्टूबर, रविवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

निफटी 19,310.15

दुनिया भारत को संकटमोचक के रूप में देख रही है : योगी आदित्यनाथ

प्रदेश के विभिन्न जनपदों से अमृत कलश लेकर आए वॉलेंटियर्स का सीएम ने किया स्वागत

- मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के राज्यस्तरीय आयोजन में शामिल हुए सीएम योगी
- आजादी के अमृत काल में पीएम मोदी का पंच प्रण बनाएगा भारत को सुपर पॉवर
- शांति, सौहार्द और कल्याण की राह दिखाने वाला देश बन गया है भारत : योगी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया को शांति, सौहार्द और कल्याण की राह दिखाने वाला देश बन चुका है। दुनिया आज भारत को संकटमोचक के रूप में देख रही है। हम आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। अगले 25 साल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें पंच प्रण का विराट संकल्प दिया है। हर देशवासी इस संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा तो निश्चित ही भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में सबके सामने होगा। ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' के राज्यस्तरीय आयोजन के दौरान कही।

वॉलेंटियर्स का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री ने इससे पहले गोमती तट स्थित वसुधा वंदन अमृत वाटिका, झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लगी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से मेरी माटी मेरा देश पर आधारित लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री ने माटी को वंदन, वीरों को नमन कार्यक्रम में प्रदेशभर से अमृत कलश लेकर लखनऊ पहुंचे स्वयंसेवकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार पूरा देश राष्ट्रीय आयोजनों में एकजुट होकर इसका हिस्सा बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश के हर घर पर तिरंगा फहराया गया। साबरमती के तट पर 21 मार्च 2021 को जिस अमृत महोत्सव का पीएम मोदी ने शुभारंभ किया उसका विराट स्वरूप हमें 15 अगस्त 2023 को देखने को मिला।

शांति, सौहार्द और कल्याण की राह भारत से ही निकलेगी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गांव-गांव, विकास खंड और नगर निकायों से अमृत कलश के जरिए मातृभूमि का वंदन और वीरों को नमन करते हुए यहां पहुंचे सभी वॉलेंटियर्स की सराहना की। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर प्रदेश में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए इसे सराहनीय प्रयास बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने हर भारतीय को पंच प्रण का एक विराट संकल्प दिया है। हम आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। आगामी 25 साल में हमें भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करना है। इन पंच प्रण को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर भारतवासी आगे बढ़े तो आने वाले समय में भारत दुनिया की बड़ी ताकत होगा। इस शक्ति के माध्यम से विश्व कल्याण एवं शांति का संदेश दिया जाएगा। हम इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत आज एक संकटमोचक के रूप में जाना जा रहा है। संकट के समय दुनिया के देश हमारे प्रधानमंत्री की ओर आशा भरी निगाहों से देखते हैं। उन्हें पता है कि शांति, सौहार्द और कल्याण की राह भारत से ही निकलेगी।

शहीदों के परिजनों का सीएम ने किया सम्मान

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय के 75 विद्यार्थियों द्वारा वंदेमातरम का समवेत गायन, इसके अलावा विभिन्न वाद्ययंत्रों द्वारा 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' और 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोसतां हमारा' की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीरों, शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया। इसके अलावा विभिन्न जनपदों से अमृत कलश लेकर लखनऊ पहुंचे वॉलेंटियर्स को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, खेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मोहसिन रजा, रामचंद्र प्रधान, बुक्कल नवाब, अवनीश कुमार सिंह, लाल जी निर्मल, विधायकगण नीरज वोहरा, जयदेवी, अमरेश कुमार, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, मंडलायुक्त रोशन जैकब, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, संस्कृति विभाग के निदेशक शिशिर के साथ ही अमृत कलश यात्रा लेकर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबेंगे भक्त, होने जा रहा है राम कथा का आयोजन

मेरठ में बागपत रोड स्थित मिलेनियम पब्लिक स्कूल के निकट ईहा पैलेस में भव्य राम कथा का आयोजन दिनांक 29 अक्टूबर से किया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज 27, नेहरू रोड स्थित अंकित मदन शर्मा के निज निवास पर प्रेस वार्ता हुई जिसमें अंकित मदन शर्मा ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक, महामंडेलश्वर जूना अखाड़ा डॉक्टर स्वामी उमाकांतानंद सरस्वती जी महाराज के श्री मुख से कथा की जायेगी। आगे अंकित मदन शर्मा ने बताया कि 29 अक्टूबर की प्रात 9 बजे ढोल नगाड़े के साथ बग्गिया सजवा कर कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात उसी दिन से रोजाना 3 बजे दोपहर से साय 6 बजे तक प्रत्यक दिन कथा चलेगी जिसका सीधा प्रसारण साधना चैनल पर लाइव होगा। इसका समापन 4 नवंबर की साय 6 बजे भोग प्रसाद भंडारे के साथ संपन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री मति अंकिता शर्मा इन्दु शर्मा, श्री मति सुभाक्षी शर्मा, श्री मति कल्याणी शर्मा, नाव्या शर्मा, नायरा शर्मा, अनुज भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

कोलकाता के संग्रहालय में मंगल ग्रह की चट्टानों समेत होंगी अंतरिक्ष से जुड़ी कई दुर्लभ चीजें

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित एक संग्रहालय में अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग के बालों से लेकर चंद्रमा और मंगल की चट्टानों के अलावा खगोल और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र से जुड़ी कई दुर्लभ चीजें उपलब्ध होंगी। यहां भारतीय अंतरिक्ष भौतिकी केंद्र (आईसीएसपी) के परिसर में 1,200 कलाकृतियों एक विशाल संग्रहालय स्थापित किया गया है। आईसीएसपी के निदेशक प्रोफेसर संदीप कुमार चक्रवर्ती ने कहा कि इस संग्रहालय में उपलब्ध चीजों में प्रख्यात वैज्ञानिकों और नोबेल पुरस्कार विजेताओं की हस्तलिखित डायरियां और नोट जैसे दुर्लभ दस्तावेज भी शामिल हैं। यह संग्रहालय सात हजार वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसका उद्घाटन शुक्रवार को भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने किया। प्रोफेसर चक्रवर्ती ने दावा किया, यह अपनी तरह का एक अनूठा संग्रहालय है क्योंकि ऐसा संग्रह भारत के किसी भी अन्य संग्रहालय में नहीं है। देश में अंतरिक्ष विज्ञान को समर्पित कई संग्रहालय हैं, लेकिन किसी में भी इतनी अधिक खगोलीय सामग्री नहीं है। उन्होंने कहा, इस संग्रहालय में आंगतुकों के देखने के लिए उपलब्ध चीजों में नील आर्मस्ट्रांग (चंद्रमा पर कदम रखने पहले व्यक्ति) के बाल, 370 करोड़ साल पुराना बैक्टीरिया जीवाश्म, अपोलो-11 मिशन के छोटे मॉडल और राइट बंधुओं के विमान के अलावा पिछले 200 वर्षों के कालक्रम के प्रख्यात अंतरिक्ष यात्रियों और वैज्ञानिकों के हस्तलिखित दस्तावेज, और हस्ताक्षर और साथ ही चंद्रमा, मंगल और विभिन्न उल्कापिंडों की चट्टानें उपलब्ध हैं। राकेश शर्मा ने इस संग्रहालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि यह संग्रहालय युवा पीढ़ी को उत्साहित करेगा और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति उनका मार्गदर्शन करेगा।

गाजा में उभरते मानवीय संकट को लेकर भारत चिंतित लेकिन आतंकवाद से कोई समझौता नहीं

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। भारत गाजा में उभरते मानवीय संकट को लेकर चिंतित है लेकिन साथ ही पूरी दृढ़ता के साथ यह मानता है कि आतंकवाद को लेकर कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने इजराइल-हमास संघर्ष संबंधी संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव पर मतदान से भारत के दूर रहने संबंधी फैसले के बारे में शनिवार को विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत आतंक को लेकर कोई भी समझौता नहीं कर सकता है। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में आम नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखने शीर्षक वाले जॉर्डन के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल-हमास युद्ध में तत्काल मानवीय संघर्ष-विराम और गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने शुक्रवार को उस प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष-विराम का आह्वान किया गया है, ताकि शत्रुता समाप्त हो सके। सूत्रों ने कहा कि प्रस्ताव में हमास द्वारा सात अक्टूबर के आतंकवादी हमलों की कोई स्पष्ट निंदा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रस्ताव के अंतिम मूलपाठ में उसके दृष्टिकोण को लेकर सभी तत्वों को शामिल नहीं किए जाने के कारण मतदान में भाग नहीं लिया।

फिर मेडल की बौछार, पैरा में भी 100 पार : अनुराग ठाकुर

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। भारतीय पैरा-एथलीटों ने पैरा एशियाई खेलों में 29 स्वर्ण पदक सहित 111 पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। यह अब तक का भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने 2010 के खेल संस्करण में 14 पदक, 2014 में 33 और 2018 में 72 पदक जीते थे। खेलों की शुरूआत के बाद से यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, जहां भारत समग्र पदक तालिका में 5वें स्थान पर था। गौरतलब हो की भारत ने इस वर्ष अपना सबसे बड़ा दल भेजा था जिसमें 303 एथलीट (191 पुरुष और 112 महिला) शामिल थीं। 111 पदकों में से महिला एथलीटों ने शानदार

प्रदर्शन करते हुए अपने नाम 40 पदक किए जो पदक तालिका का 36% रहा। भारत के इस रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन से बेहद प्रसन्न केंद्रीय युवा और खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, ₹यह प्रदर्शन हमारे एथलीटों की कड़ी मेहनत और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खेलों में युपरिवर्तनकारी नीतियों का प्रतिफल है। चाहे वह जमीनी स्तर पर खेलो इंडिया योजना हो या विशिष्ट एथलीटों के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना, इन योजनाओं के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को लगातार जो समर्थन मिल रहा है उसी के परिणाम आज दिख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, आपको यह जानकर खुशी होगी कि इन खेलों में 8 खेलो इंडिया एथलीटों और 46 TOPS एथलीटों ने भाग लिया था इन्होंने इन खेलों में 111 में से कुल 38 पदक जीते हैं। श्री ठाकुर ने आगे कहा, ₹मोदी जी के नेतृत्व में हमने 2014 की तुलना में खेल बजट को 3 गुना किया। आज हम अपने सभी एथलीटों को बेहतर समर्थन और सुविधाएं दे रहे हैं, चाहे वह कोचों के मामले में हो, प्रशिक्षण, विदेशी प्रदर्शन, आहार या बुनियादी ढाँचा हो। उन्होंने कहा, हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों के साथ-साथ इन पैरा एशियाई खेलों और पिछले ओलंपिक, पैरालंपिक, सीडब्ल्यूजी, डेफ्लंपिक्स में एथलीटों का शानदार प्रदर्शन दिखाता है कि खेलों में भारत की शक्ति बढ़ रही है। और जैसा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने हाल के आईओसी बैठक में कहा है कि आज भारत न सिर्फ अच्छा प्रदर्शन कर रहा है बल्कि बड़े आयोजनों की मेजबानी के लिए भी तैयार हो रहा है। चाहे वह 2030 में युवा ओलंपिक हो या 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक, भारत अब विश्व पटल पर एक खेल महाशक्ति बनकर उभरने हेतु तैयार है।

आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के आदिवासियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं : नड्डा

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक तरह से चुनावी अभियान की शुरूआत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन जैसे आदिवासी मुख्यमंत्री ने झारखंड में आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। नड्डा ने यहां एक रैली में कहा कि सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार कई घोटालों में शामिल है। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि राज्य सरकार भूमि, बालू और अन्य माफियाओं को संरक्षण दे रही है, यही वजह है कि सोरेन सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई और अन्य एजेंसियों की राडार पर है। उन्होंने आरोप लगाया, सोरेन सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने दावा किया, लोगों का उत्साह दिखाता है कि उन्होंने यहां फिर से कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है।

सोरेन के नेतृत्व में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है। झारखंड के मुख्यमंत्री वोट

बैंक की राजनीति कर रहे हैं। झारखंड को भूख, भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्त करने के नारे के साथ भाजपा की संकल्प यात्रा के समापन पर आयोजित रैली में नड्डा ने आरोप लगाया, उन्होंने (सोरेन) आदिवासियों की बात की और उनके वोट मांगे, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासी समुदाय के हितों को पहुंचाया। वोट बैंक की राजनीति के लिए उन्होंने झारखंड में धर्म परिवर्तन को सहमति दे दी है। उनका वोट बैंक बरकरार रहना चाहिए, चाहे आदिवासियों की संस्कृति का कुछ भी हो जाए।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को यह समझने की जरूरत है कि जब भाजपा सत्ता में आती है, तो वह लोगों की सेवा करती है, लेकिन जब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस सत्ता में होते हैं, तो वे अपना खजाना भरने में व्यस्त हो जाते हैं। सोरेन पर उनकी कथित तुष्टिकरण नीति के लिए निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने जानना चाहा कि जब मंदिरों में तोड़फोड़ की गई तो कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आरोप लगाया, पुलिस रक्षक से भक्षक बन गई है... झारखंड में जंगल राज कायम है।

मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 30 अक्टूबर को सुनाएगा फैसला

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट जेल में बंद आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। सिसौदिया पर वर्तमान में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा घोटालों से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में मुकदमा चल रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री को कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मामलों और अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास योजनाओं के लिए धन के आवंटन की सुविधा के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह फरवरी से न्यायिक हिरासत में हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच सोमवार सुबह 10:30 बजे फैसला सुनाएगी। 17 अक्टूबर को मामले पर आखिरी सुनवाई के दौरान, केंद्र के खिलाफ सिसोदिया का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील डॉ अभिषेक मनु सिंघवी के साथ अंतिम बहस समाप्त हुई। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर अपना फैसला टाल दिया था। 5 अक्टूबर को पिछली सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने दिल्ली शराब नीति मामले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों से कड़े सवाल पूछे थे, और उन सबूतों की मांग की थी जिनके बारे में वे दावा करते हैं कि उनके पास सिसोदिया के खिलाफ हैं।

मुंबई को कमजोर करने का प्रयास कर रही भाजपा, सिर्फ शिवसेना ही उसे रोकने में सक्षम : उद्धव

अमन लेखनी समाचार

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुंबई के महत्व को कमजोर करने का प्रयास कर रही है और सभी व्यापार व उद्योगों को गुजरात में स्थानांतरित किया जा रहा है। शिवसेना के वरिष्ठ कार्यकताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि शिवसेना ही महाराष्ट्र में भाजपा को रोक सकती है। उन्होंने कहा, मैं संकट (शिवसेना के विभाजन के बाद) में भी अवसर देखता हूं। उन्होंने शिवसेना की पहली पीढ़ी के कार्यकताओं से युवा कार्यकताओं को मुंबई, महाराष्ट्र और मराठी लोगों के लिए पार्टी की अपरिहार्यता के बारे में बताने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर मुंबई के महत्व को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

उन्होंने सवाल किया, सभी व्यापार

और उद्योगों को गुजरात स्थानांतरित किया जा रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन की क्या जरूरत थी? ठाकरे ने कहा कि तटीय मार्ग का निर्माण बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के धन से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिवसेना की लड़ाई निरंकुश प्रवृत्ति से है न कि लोगों से। ठाकरे ने आरोप लगाया, 2014 और 2019 में भाजपा ने शिवसेना को तोड़ने का प्रयास किया था लेकिन अब उसने शिवसेना (2022 में एकनाथ शिंदे द्वारा पार्टी में टूट का संदर्भ) को लूट लिया और उसे खत्म करने का प्रयास किया।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा के एक नेता ने उन्हें 2014 में बताया था कि जब शिवसेना (अविभाजित) एक महीने के लिए विपक्ष में थी तब गठबंधन टूट गया था क्योंकि भाजपा उनकी पार्टी को खत्म करना चाहती थी। ठाकरे ने कहा कि हिं?दुत्व पर भाजपा का विशेषाधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, मैं अभी भी लोगों से कहता हूं कि अगर वह शिवसेना को छोड़ना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं क्योंकि मैं नहीं चाहता कि हमारी जीत का श्रेय विश्वासघात की मानसिकता वाले लोग लें।

शाह ने राहुल और प्रियंका पर साथा निशाना

इटली मूल के लोग मोदी सरकार के विकास को नहीं समझेंगे

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि एक भाई और बहन की जोड़ी जिनकी मूल उत्पत्ति इटली में है, नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किये गये विकास को नहीं समझ पायेंगे। चुनावी राज्य मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारत के लोग विकास को स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं। उन्होंने अन्य उपलब्धियों के बीच राम मंदिर के निर्माण और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी उल्लेख किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद ने आरोप लगाया कि जब दुनिया भारत की विकास गाथा की प्रशंसा कर रही है, तब कांग्रेस को देश में कोई सकारात्मकता नजर नहीं आ रही है। शाह ने कहा, भाई-बहन (राहुल

गांधी और प्रियंका गांधी-वाद्रा) चुनाव वाले राज्यों में घूमते हुए पूछते रहते हैं कि (भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र द्वारा) क्या किया गया है, लेकिन वे इसे (विकास को) नहीं समझ पाएंगे क्योंकि उनका मूल स्थान इटली में है। जिनका मूल भारत में है, वे इसे स्पष्ट रूप से समझेंगे।

छिंदवाड़ा को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। कमलनाथ मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा भाजपा पर मंदिर वहीं बनायेंगे पर तारीख नहीं बतायेंगे कहकर तंज कसते थे। अब देखिए, मोदी जी ने न सिर्फ मंदिर बनाया बल्कि (प्रतिष्ठा की) तारीख भी बता दी। राहुल जी बस वहां जाएं और संतुष्टि पाने के लिए आशीर्वाद मांगें। एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चित्रकूट में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा और साथ ही उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए उन्हें दिए गए निमंत्रण का भी जिक्र किया था, जो 22 जनवरी को होने की उम्मीद है।

शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता इस साल तीन दिवाली मनाएगी। उन्होंने कहा, वार्षिक रोशनी के त्योहार के अलावा, लोग मध्य प्रदेश चुनाव में भाजपा की जीत और अयोध्या में भगवान राम लला के अभिषेक की दीपावली भी मनाएंगे। शाह ने कहा, न केवल (राम) मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, बल्कि मोदीजी ने अनुच्छेद 370 (जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देना) को रद्द कर दिया है, तीन तलाक को रद्द कर दिया है।

संक्षेप

मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर के अमौसी निवासी रामबीर ने अपने भाई बव्वा और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट कराई है। रामबीर का कहना है कि बीती 22 अक्टूबर को देर शाम करीब 8 बजे बव्वा ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पहुंचकर रामबीर व उसकी पत्नी प्रीति से लड़ाई झगड़ा व मारपीट की। जिससे रामबीर के बाएं पैर की हड्डी टूट गई, जबकि प्रीति के दाहिने पैर की जाँघ में काफी चोट आई है। आरोप है इस दौरान बव्वा ने पीड़ित रामबीर को चाकू और तमंचा दिखाते हुए दीपावली से पहले जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा सुनकर लोग दौड़े तो आरोपी वहां से भाग गए। रामबीर का कहना है 24 अक्टूबर को दोबारा फिर बव्वा ने उसे और उसकी पत्नी को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि वह लगातार फोन बदल बदल कर धमकी दे रहा है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सारी सामग्री जलकर स्वाहा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शार्ट सर्किट के कारण अचानक एक घर में आग लग गई। इससे अधिकतर सामान जल गया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर की सारी सामग्री जलकर हुई स्वाहा। कई घण्टो की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी।आग लगने कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।इधर घटना से पीड़ित को खासा नुकसान हुआ है। मलिहाबाद नगर पंचायत के सरावां निवासी आशीष कुमार के घर में अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने के कारण घर में आग गई। जिससे घर के अंदर का सारा सामान जल गया। आग लगने से मौके पर धुएं का गुबार उठने लगा। लोगों में अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखा जेवर, टीवी, अलमारी, मेज,कुर्सी अन्य समान आग की भेंट चढ़ चुका था। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

कार सवार को झांसा दे आई फोन ले उड़े चोर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ . कृष्णा नगर क्षेत्र वीआईपी रोड पर सिग्नल पर फसने के दौरान कार सवार प्रोफेसर को झांसे में लेकर टप्पेबाजों ने गाड़ी से उनका आईफोन गायब कर दिया` आईफोन चोरी होने की शिकायत पीड़ित ने स्थानीय थाने पर की है` शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी हैं जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 6 प्रेम बिहार निवासी प्रोफेसर विक्रम यादव बीबीयू यूनिवर्सिटी में परीक्षा नियंत्रक पद पर कार्यरत है` शुक्रवार को अपनी गाड़ी से वीआईपी रोड से अपने घर जा रहे थे तभी पकरी पुल के सिग्नल रेड होने पर रुक गए इसी दौरान उनकी ड्राविंग सीट के बगल वाली सीट के दरवाजे पर एक व्यक्ति जोर जोर गाड़ी का दरवाजा ठोकने लगा अभी वह कुछ समझ पाते तब तक एक दूसरा व्यक्ति उनकी चालक सीट का दरवाजा खटखटाने लगा जैसे ही उन्होंने गाड़ी का शीशा निचे किया तब तक पहला व्यक्ति गाड़ी की सीट पर रखा आईफोन उठाकर फरार हो गया` प्रोफेसर ने कृष्णा नगर थाने पहुँच पुलिस को घटना की जानकारी दे शिकायत की हैं` पुलिस ने शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी हैं

शारदा प्रताप प्रेरणा विकास मंच के तत्वाधान में विराट हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के शांति नगर, कानपुर रोड स्थित एक निजी लान में शनिवार देर शाम शारदा प्रताप प्रेरणा विकास मंच के तत्वाधान में विराट हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। भूतपूर्व विधायक व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला के भाई कृष्ण प्रताप शुक्ला की देखरेख में आयोजित इस कवि सम्मेलन का बोकेटी पूर्व विधायक चंद्रशेखर त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कवि सम्मेलन में प्रदेश स्तर के कवि, कवयित्री, हास्य कवि और गीतकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कवि सुरेश फक्कड़ की खून की होलियां खेल कर जो गए, दर्जनों गोलियां झेल कर जो गए,, कविता से हुई। उन्होंने अपनी पंक्तियां पढ़ी तो दर्शकों में देशभक्ति की भावना जागृत हो उठी। कवि सम्मेलन में कवि डॉ. शिव त्रिपाठी 'सरस' ने जीवन में जिन्होंने प्रेम को धारा नहीं होगा, उन्हें उत्कर्ष भारतवर्ष का प्यार नहीं होगा,, पंक्तियां सुनाई तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बाराबंकी के हास्य कवि आशीष आनंद ने जैसे ही ऐसा नहीं मिला कभी वैसा नहीं मिला, फिर इश्क बाद उसके जैसा नहीं मिला उपहार में मिली है मुझे पर्स कई बार लेकिन किसी पर्स में पैसा नहीं मिला,, पंक्ति पढ़ी तो पूरा कवि सम्मेलन स्थल दर्शकों के ठहाकों से गूंज उठा। इस दौरान कभी आशीष आनंद ने मौजूद दर्शकों को अपनी पंक्तियों से खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम के संचालक कवि अतुल बाजपेई ने बल बुद्धि पराक्रम के सागर जिनके आयुध धनु सहायक हैं, वह पुरुषोत्तम भारत गौरव प्रभु राम हमारे नायक है,, पंक्ति से अपनी शुरूआत की तो पूरा पंडाल जैसे राम मय हो गया। इसी प्रकार प्रयागराज के कवि धनंजय शाश्वत ने मुर्गा नोचे बिना जिनका बीतता ना दिन, गौरैया बचाओ अभियान पर जोर दे रहे हैं,, सुनाया तो वहां मौजूद अधिकतर लोग अपनी हंसी नहीं रोक पाए और एक दूसरे की बगलें झांकने लगे। इस कवि सम्मेलन में सुरेश फक्कड़ और अतुल बाजपेई के अलावा मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. शिवा त्रिपाठी, आशीष सिंह, धनंजय शाश्वत और अनु अवस्थी सहित तमाम नामचीन कवियों ने अपने काव्य व्यंग्यों और हास्य पाठ से सभी को खूब गुदगुदाया। पंडाल में मौजूद लोग एक से एक बढ़कर कवियों की कविताएं सुनकर मंत्र मुग्ध हो गये। कार्यक्रम में राज्यसभा संसद सदस्य अशोक बाजपेई, प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व सांसद रीना चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, मोहनलालगंज पूर्व विधायक चंद्रा रावत, दिवाकर त्रिपाठी, शिवकुमार तिवारी व राजेंद्र शुक्ल सहित तमाम वरिष्ठ लोग मौजूद रहे और उन्होंने कवि सम्मेलन का जमकर लुफ्त उठाया। उधर कार्यक्रम में सभी कवियों को शाल व फूल माला पहनकर सम्मानित भी किया गया।

अखिलेश यादव ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर नमन किया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ सहित सभी जनपद कार्यालयों में महर्षि वाल्मीकि जयंती सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में महर्षि वाल्मीकिजी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि आदि कवि महर्शि वाल्मीकि जी ने प्रसिद्ध रामायण महाकाव्य की रचना की जो प्रमु श्रीराम के जीवन पर पहला महाकाव्य है। श्रीराम का जीवन दर्शन हमें मर्यादित जीवन और सत्य के मार्ग पर चलकर कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य पालन की शिक्षा देता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सलीम शेरवानी, महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, श्रीमती ऊषा मौर्य, रविदास मेहरोत्रा, महबूब अली विधायक, जासमीर अंसारी एमएलसी, राम आसरे विश्वकर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, मिठाई लाल भारती, राहुल भारती, चन्द्रशेखर चौधरी, विकास यादव आदि प्रमुख नेताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के संयोजक सर्वजुगल किशोर बाल्मीकि, दानिश सिद्दीकी, मुकुल वाल्मीकि सत्य नारायन गहेरवार, विशाल बाल्मीकि, नितिन बाल्मीकि, ऋषि बाल्मीकि, विकास कुडिया बाल्मीकि, मुकेश बाल्मीकि, सतीश बाल्मीकि, कुनाल बाल्मीकि, गौरी शंकर, सोनू बाल्मीकि, राजीव कुमार आदि प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

अखबारों में खबर छपने के बाद जागा प्रशासन, हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के शाहपुर मझिगवां में अधिवक्ता आशीष चन्द्रा के घर को जाने वाले सार्वजनिक रास्ते व सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पानी भरकर रास्ता अवरुद्ध किए जाने के मामले में खबर छपते ही जिम्मेदार हरकत में आ गए। नतीजा यह कि शनिवार को दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता करा दिया गया। इस समझौते के मुताबिक अब मनीष चन्द्रा के मकान को जाने वाले रास्ते में घरों का पानी नहीं जाएगा। बताते चलें कि बीते दिनों अधिवक्ता आशीष चन्द्रा के भाई मनीष चन्द्रा ने गांव के संतोष कनौजिया और अमित कनौजिया उर्फ अमित नेता के ऊपर अपने घर से निकलने वाले पानी की नाली काटकर सार्वजनिक रास्ते व सरकारी जमीन पर पानी भरकर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए सरोजनीनगर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी। इस शिकायत पर तहसील प्रशासन ने बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह राणा को मामले की जांच कर उसके निस्तारण की जिम्मेदारी सौंपी थी। लेकिन इसके बावजूद मामला टलता रहा। शुक्रवार को जब इस मामले की खबर अखबारों में छपी, तो संबंधित जिम्मेदार हरकत में आ गए। नतीजा यह कि बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह राणा ने मौके का मुआयना करने के साथ ही शनिवार को थाना समाधान दिवस में दोनों पक्षों को बुलाकर मामले का निस्तारण कर दिया। इस निस्तारण के दौरान बिजनौर इंस्पेक्टर और ग्राम प्रधान मनोज लोधी की मौजूदगी में संतोष कुमार कनौजिया और अमित कनौजिया ने लिखित रूप में मनीष चन्द्रा के घर जाने वाले रास्ते में पानी न भरने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अब यह पानी मनीष चन्द्रा के रास्ते के बजाय अवसान व अन्य लोगों की तरफ होते हुए गांव की तरफ जाएगा। वहीं ग्राम प्रधान मनोज लोधी ने कहा कि रास्ते में भरा पानी सूखने के बाद वहां मिट्टी डलवा कर रास्ते को सही करा दिया जाएगा।

डीसीपी ने नवनिर्मित पुलिस सहायता केंद्र का फीता काट किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

नवनिर्मित पुलिस सहायता केंद्र का फीता काटते – डीसीपी

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नवनिर्मित पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना हुई। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने फीता काट उद्घाटन किया। उन्नाव बॉर्डर मोहान रोड पर पुलिस सहायता केंद्र बनने से कई फायदे मिलेंगे। बॉर्डर के आसपास होने वाले अपराध को रोका जा सकेगा। और सड़क हादसा होने पर पुलिस भी अब तेजी से पहुंच पाएगी। गोसालालपुर में नया पुलिस सहायता केंद्र हुआ स्थापित.लखनऊ कमिश्नरेट क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार नए थानों और चौकियों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को गोसालालपुर में पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन हुआ। डीसीपी पश्चिमी राहुल राज ने कहा कि पुलिस सहायता केंद्र के बनने से बॉर्डर के निकट पुलिसिंग और ज्यादा मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि मोहान रोड पर काफी दूरी तक कोई पुलिस चौकी/ पुलिस सहायता केंद्र नहीं था. हाईवे पर सड़क हादसा की खबर पाकर पुलिस जल्द पहुंचने में कामयाब रहेगी. उन्होंने कहा कि इसके अलावा आसपास वाले गांव में भी पुलिसिंग मजबूत होगी। पुलिस सहायता केंद्र बनने से जनता को और बेहतर सुविधा मिलेगी। और लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर थाने जाने के बजाय से अब पुलिस सहायता केंद्र में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक से मिल सकते हैं। पुलिस सहायता केंद्र के उद्घाटन समारोह में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, एसएसआई कृष्ण कुमार पटेल,नव निर्मित पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी डीबी सिंह,उपनिरीक्षक कुँवर वीर विक्रम सिंह सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बेटी नायशा ने राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में 11वीं रैंक हासिल की

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। दिल्ली में आयोजित 66वें राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता के अखिल भारतीय जूनियर महिला वर्ग में उम्दा प्रदर्शन करते हुयें लखनऊ की 13वर्षीय नायशा टंडन ने शॉटगन ट्रैप इवेंट में 11वीं रैंक हासिल कर नाम लखनऊ का रोशन किया है।सबसे कम उम्र की निशानेबाज नायशा द्वारा निशानेबाजी प्रतियोगिता में 11वीं रैंक हासिल करने की जानकारी उनके माता- पिता समेत रिश्तेदारो व पड़ोसियों को लगी तो सब में खुशी की लहर दौड़ गयी है ओर नायशा के घर पहुंचकर व्यवसायी सुधाकर तिवारी,प्रधान अभय दीक्षित,महीप शुक्ला,इसरत खान, कुलदीप मिश्रा समेत रिश्तेदारो व पड़ोसियों ने पिता रचित टंडन का मुंह मीठा कराकर बेटी नायशा की कामयाबी की बंधाई दी,बेटी की इस कामयाबी से परिवार भी फूला नही समा रहा है।नायशा के पिता रचित टंडन भी पूर्व में निशानेबाज रह चुके है.पिता रचित टंडन ने कहा उन्हे यकीन है एक दिन उनकी बेटी नायशा विश्व में अपने भारत देश का नाम रोशन करेगी।निशानेबाज नायशा अपने माता-पिता व परिवार के साथ लखनऊ के महानगर में रहती है ओर ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेंज में कक्षा आठ की छात्रा है।

तेज बुखार से नौ वर्षीय छात्रा की मौत

अमन लेखनी समाचार

मृतका मानवी – फाइल फोटो

लखनऊ। इन दिनों क्षेत्र में फैले टाइफाइड व डेंगू के कहर से नौ वर्षीय बालिका की लखनऊ में एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी। माल थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर निवासी राजू के मुताबिक मृतक भतीजी मानवी (9) को करीब एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। जिसे लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गये थे। वहां पर हालत में कोई सुधार न होता देख परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान भतीजी की मौत हो गयी। भतीजी के पिता की मौत कुछ वर्ष पहले हो चुकी है, उसे हम लोग ही पाल पोस रहे थे।वह अपने मां बाप की इकलौती संतान थी। जो की कक्षा 2 की छात्रा थी। मृतक के परिवार में माता नीलम का करो रो कर बुरा हाल है। लगातार संक्रामक रोगों से हो रही मौत से क्षेत्रीय लोगो मे स्वास्थ्य विभाग को लेकर नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव ना होने के कारण डेंगू मलेरिया तेजी से अपने पैर पसार रहा है। जिससे आए दिन कोई ना कोई इसका शिकार हो रहा है। संक्रामक रोग इस समय चरम सीमा पर है। इस संबंध में माल सीएचसी अधीक्षक संदीप प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जानकारी जुटा रहे है कि मौत किन कारणों से हुई है।

केन्द्रीय मंत्री से ग्रामीणो ने मिट्टी खनन को बंद कराये जाने की मांग

घुसकर गांव में मानको को दरकिनार कर हो रहे मिट्टी खनन के कार्य को बंद करने की ग्रामीणो ने केन्द्रीय मंत्री से मांग,केन्द्रीय मंत्री ने एसडीएम को दिये मिट्टी खनन को तत्काल बंद कराये जाने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के घुसकर गांव में बीते कई दिनो से मानको को दर किनार कर चल रहे मिट्टी खनन से स्कूली बच्चो समेत ग्रामीणो का घुसकर-अमेठी सड़क मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया,खनन कार्य में लगे दर्जनो डम्फर बिना तिरपाल से मिट्टी ढके तेज रफ्तार में सड़क से गुजरते है,जिसके चलते डम्फरो में लदी मिट्टी से उड़ने वाली धूल से सड़क से गुजरने वाले बाइक व साइकिल सवारो समेत छात्र व ग्रामीण परेशान है,वही सड़क भी खनन के चलते गड्ढे होने के साथ खराब हो गयें।मानको को दरकिनार कर दिन में किये जा रहे खनन कार्य से नाराज घुसकर गांव के दर्जनो ग्रामीणो ने शनिवार को स्थानीय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर से लिखित शिकायत करते हुये जनहित को ध्यान में रखते हुये खनन कार्य तत्काल बंद कराये जाने की मांग की। केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज को तत्काल खनन कार्य को बंद कराये जाने के निर्देश दियें।भाजपा नेता डीडी त्रिपाठी समेत ग्रामीणो ने बताया सड़को पर दिनभर मिट्टी खनन में लगे डम्फर सरपट मौत बनकर दौड़ रहे है,पूर्व में खनन कार्य में लगे एक डम्फर से हुये हादसे में एक युवक की मौत भी हो चुकी है,फिर भी प्रशासन नही चेता।ग्रामीणो ने बताया स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा न मानको को दरकिनार कर किये जा रहे खनन कार्य को तत्काल बंद ना कराया गया तो ग्रामीण प्रदर्शन करने को मजबूर होगें।

मानस मुकुल त्रिपाठी बने नव समानुभूति के अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नव समानुभूति साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था का शनिवार को निर्वाचन सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार झा ने बताया कि शनिवार को जीपीओ पार्क स्थित शहीद स्मृतिका में संस्था की निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने बताया कि मानस मुकुल त्रिपाठी को अध्यक्ष, इन्द्रासन सिंह इंदु, विपुल मिश्रा एवं आदित्य तिवारी को उपाध्यक्ष, डॉ.ममता पंकज, रजनी गुप्ता पूनम एवं गीता गंगवार को संगठन सचिव, सरिता सदाबहार, नीतू सिंह चौहान को स्नायुक्त सचिव, डॉ.शशि तिवारी को साहित्य सचिव निर्वाचित घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में मुकेश सिंह, अलका अस्थाना एवं रामराज भारती प्रचार सचिव, राम प्रकाश गुप्ता कोषाध्यक्ष, सत्येंद्र शुक्ल अंकेक्षक निर्वाचित हुए हैं। मार्गदर्शक मंडल में विजय त्रिपाठी, केसरी प्रसाद शुक्ल, डॉ.उमेश वर्मा आदित्य, श्रीकृष्ण द्विवेदी एवं शुकदेव पांडेय प्रबल को शामिल किया गया है।

चॉपर बुकिंग के नाम पर खाताधारक संग हुई ऑनलाइन ठगी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आलमबाग थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को केदारनाथ यात्रा के गूगल माध्यम से चापड़ बुक करना महंगा पड़ गया` कालर से युवक से कई बार में हजारो रुपए ट्रांसफर कराने के बाद अपना मोबाईल फोन बंद कर लिया` अपने संग ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने आलमबाग थाने पर लिखित शिकायत की है` शिकायत पर पुलिस ने धोखे से रुपए हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है` आलमबाग क्षेत्र के भिल्लावां चन्दन नगर मकान संख्या 551क/2015 में सुधीर शुक्ल पुत्र स्व डीआर शुक्ल अपने परिवार संग रहते हैं` आरोप है कि उन्होंने बीते सितम्बर माह में केदारनाथ यात्रा के लिए गूगल द्वारा हेली सर्विस केदारनाथ के फोन नंबर निकाल पांच लोगो के यात्रा के लिए वार्ता किया था फोन द्वारा राहुल नामक शख्स से उनका बात हुआ था और उक्त के कहने पर ही उन्होंने अपने विभिन्न बैंक खातो से बुकिंग के लिए पांच बार में 82490 ऑनलाइन ट्रांसफर कर दियो पैसे ट्रांसफर होने के बाद राहुल का नंबर बंद हो गया उन्होंने कई बार नंबर पर प्रयास किया लेकिन नंबर बंद ही जाता रहो जिसपर अपने बैंक में शिकायत कर स्थानीय थाने पर शिकायत की है` शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की कार्यवाई में जुटी है

ग्रामीण महिलाओं को नए बिजली कनेक्शन पर मिलेगी 33 फीसदी छूट, नई दरों पर भी होगी चर्चा

लखनऊ , प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन की दरों, उपभोक्ता सामग्री की दरों आदि को लेकर बनने वाली नई कॉस्ट डाटा बुक को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है।इसे लेकर 30 अक्तूबर को इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक होगी। ग्रामीण महिलाओं के नया कनेक्शन लेने पर 33 फीसदी और शहरी महिलाओं को 15 फीसदी छूट देने का मामला भी बैठक के एजेंडे में शामिल किया गया है। नई कॉस्ट डाटा बुक तैयार करने से पहले रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाती है। इसमें उपभोक्ता परिषद व पावर कॉरपोरेशन सहित सभी अपना-अपना पक्ष रखते हैं।

प्लाट का पैसा हड़पने वाले प्रापर्टी कारोबारी पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। बिहार के जनपद छपरा के सोनवरसा गांव निवासी सैन्यकर्मी अक्षयबर तिवारी ने सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज से शिकायत करते हुये बताया था 2021 में प्रापर्टी कारोबारी अखिलेश तिवारी निवासी राजीवनगर,घोसियाना तेलीबाग थाना पीजीआई से मोहनलालगंज के अतरौली ग्राम में दो हजार स्क्वायर फीट का प्लाट 14लाख रुपए में तय हुआ था,लेकिन प्रापर्टी कारोबारी अखिलेश तिवारी ने धोखाधड़ी करते हुये केवल एक हजार स्क्वायर फीट प्लाट रजिस्ट्री करते हुये बाकी का एक हजार स्क्वायर फीट प्लाट बाद में देने की बात कही लेकिन टाल मटोल करता रहे ओर प्लाट नही दिया।पीड़ित सैन्यकर्मी ने बताया जब उसने पुलिस से शिकायत की तो 21दिसम्बर2022 को सुलह करते हुये निगोहां साइड में मार्च2023 को दो हजार स्क्वायर फीट प्लाट देने की बात कही लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वहा भी प्लाट नही दिया ओर ना ही पैसे वापस किये ।पीड़ित सैन्यकर्मी अक्षयबर तिवारी ने प्रापर्टी कारोबारी पर धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने का आरोप लगाते हुये सहायक पुलिस आयुक्त से कार्यवाही की मांग की।पूरे मामले की गहनता से जांच के बाद एसीपी के निर्देश पर मोहनलालगंज पुलिस ने आरोपी अखिलेश तिवारी के विरूद्व धोखाधड़ी व पैसे हड़पने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को इलाके से शनिवार को धर दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बिजनौर इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक अयोध्या जिले के अशरफपुर गंगरेल का मूल निवासी व वर्तमान में राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अहिमामऊ, खुर्दही बाजार में रहने वाले दिनेश कुमार यादव ने बीते दिनों एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। जब युवती ने उससे शादी करने को कहा तो आरोपी ने उससे गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट भी की। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी। जिससे परेशान पीड़िता ने बीती 27 अक्टूबर को आरोपी दिनेश कुमार यादव के खिलाफ बिजनौर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दिनेश की तलाश कर ही रही थी कि शनिवार को मुखबिर से उसे सूचना मिली कि दिनेश इलाके के ही कमलापुर तिराहे के पास मौजूद है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। कोतवाली क्षेत्र के गांव टीकर खुर्द निवासी सोनू पुत्र भवरेश्वर उम्र 25 ने शनिवार दोपहर लगभग एक बजे दूसरे के खेत मे लगे जामुन के पेड़ पर गमछे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सोनू का पिता काफी दिनों से बीमार चल रहा था जबकि सोनू की मां की भी तबियत खराब चल रही है ।उसका छोटा भाई एक मामले में पहले ही जेल काट रहा है। आखिर क्या बजह रही जिससे उसने जीवनलीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

स्वास्थ्य विभाग मेहरबान बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से चल रहे निजी अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में संचालित अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं. इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि आयुर्वेदिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं. बांगरमऊ नगर के नानामऊ रोड पर संचालित बिना नाम का अस्पताल को चला रहे डॉक्टर सुंदरलाल पाल और बांगरमऊ पैथोलाजी सेंटर सचालित है। यहां न जाने कितनो की जान ले चुके हैं। ऐसे सस्थानों पर क्यों मेहरबान है स्वास्थ विभाग, आखिर करवाई के नाम पर क्यों चुप्पी साधे हुए है।

बैसवारा ब्राम्हण उत्थान समिति की बैठक का किया जायेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बैसवारा ब्राम्हण उत्थान समिति की बैठक बीघापुर कस्बा स्थित कमलापति इंटर कालेज में 30 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता बैसवारा ब्राम्हण उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय करेंगे। आयोजित बैठक में 23 नवंबर देवोत्थानी एकादशी के दिन होने वाले बारहवें विश्व वैदिक सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा होगी। इस विश्व वैदिक सम्मेलन में देश के बड़े संतो व आचार्यो द्वारा नवयुवको का दीक्षा के साथ यज्ञों पवीत भी कराया जाता है। जिसमे समिति के सदस्य समेत क्षेत्र के अन्य कई प्रबुद्ध लोग शामिल होंगे।

श्री राम द्वारा रावण का वध होते ही गूंज उठा उद्घोष

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बीती रात लंका के राजा रावण और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के बीच हुए युद्ध में भगवान ने रावण का वध किया, रावण वध के साथ ही राम लीला मैदान जै श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के कस्बा ऊगू में सार्वजनिक रामलीला कमेटी के आयोजन में बीती रात रामलीला में शुक्रवार को रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाद आदि वध की लीलाओं का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला मैदान मे में जैसे ही भगवान श्री राम अपने अनुज के साथ सुग्रीव, हनुमान, अंगद, नल, नील आदि सहित बानर सेना के साथ पहुंचे दर्शकों में उत्साह छा गया। वहीं जब रावण के साथ में कुम्भकर्ण, मेघनाद आदि सहित तमाम राक्षस सेना पहुंची तो दर्शकों उत्साह बढ़ गया। रामलीला मैदान जगह-जगह रुककर युद्ध कला का जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। जगह-जगह पर दोनों दलों के बीर आपस में भिड़ते और मोर्चा बंदी का प्रदर्शन करते रहे, जबकि राम-लक्ष्मण और रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाद जमकर तलवारें चलाते रहे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में बाण आसमान में भी चलाए गए। दशार्यी गयी लीला में लक्ष्मण के शक्ति लगने के बाद राम का विलाप ने सभी को भावुक कर दिया। कुम्भकर्ण के वध के बाद लक्ष्मण और मेघनाद के युद्व भी रामलीला मैदान में देर तक चलता रहा, मेघनाद वध के साथ ही भगवान के दल में जय श्री राम और लक्ष्मण की जय जय कार होने लगी। कुछ ही देर बाद दस सिर और बीस भुजाओं वाले लंका का राजा जब युद्ध के लिये पहुंचा तो दर्शक दीर्घा तालियों की आवाज से गुंजायमान हो गया। राम और रावण के बीच हुए युद्ध के बाद विभीशण राम को बताता है कि रावण की नाभि में अमृत है। इसके बाद राम 31 बाण छोड़कर रावण का अंत कर देते हैं। देर रात राम के रावण पर विजय पाने के बाद रावण का पुतला फूंका गया। सार्वजनिक रामलीला समिति की ओर से अवधेश दीक्षित, राहुल पटेल, पूर्व चैयरमैन अनुज दीक्षित, अरूण पाण्डेय, प्रकाश चंद्र दीक्षित रमाशंकर तिवारी, सुनील कुमार, सभासद मनू शुक्ला, राजाबाबू आदि ने सभी दर्शकों के प्रति आभार ब्यक्त किया।

कृषि बीज भण्डार की जर्जर इमारत बड़े हादसे को दे रही दावत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। पाटन से 500 मीटर दूरी पर बना कृषि बीज भण्डार जर्जर हालत में पहुंच चुका है इमारत किसी भी समय धराशायी हो सकती है। किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है विभागीय अधिकारी उसे खाली कराने का इंतजाम नहीं कर सके। यहां सेवारत कर्मचारी और बीज खरीदने आने वाले किसानों पर हर समय मौत का साया मंडराता रहता है। यही नहीं यहां के मुख्य बाजार मार्ग से भी हर समय लोगों की भीड़ काआवागमन जारी रहता है। दुर्भाग्यवश यदि यह इमारत दिन में धराशायी हो गयी तो कर्मचारी और किसानों के साथ राह चलते कई बेकसूर बूढ़े, बच्चेऔर महिलायें भी चपेट में आ सकते है उल्लेखनीय है कि बरामदे के बाद दो कमरों के इस गोदाम के एक कमरे की छत बरसात में टपकती है तथा दूसरे कमरे और बरामदे की छत दरारें छोड़ रही है। प्लास्टर टूट कर गिर रहा है। ड्यूटी पर तैनात दो यातीन कर्मचारी की मौत सिर पर दिखाई दे रही मौत से बेखौफ पूरे दिन बरामदे में बैठे रहते हैं। एक किसान कह भी गया कि बड़ा सा बीमा करा लो।

लंकेश वध के साथ हुयी असत्य पर सत्य की जीत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में साकेत धाम में 151वें श्रीरामलीला अमृत महोत्सव में श्रीधाम वृंदावन के सुविख्यात आचार्य स्वामी शिवम पाठक जी महाराज के कुशल निर्देशन में लीला का शुभारंभ मंगलाचरण, हनुमान चालीसा और रामायण जी की आरती के साथ हुआ। रामादल द्वारा सेतु निर्माण किया जाता है। राम की सेना समुद्र पार कर लंका पहुंचती है और एक एक कर लंका के बड़े बड़े योद्धा धराशायी होते हैं। कुम्भकरण को बड़े जतन करके जगाया जाता है और श्रीराम उसका वध करते हैं। अंत मे लंकेश ललकारता हुआ युद्ध के लिए आता है। राम लक्ष्मण अनेकानेक बाणों का संधान कर लंकेश के शीश और भुजाएं कई बार काट देते हैं लेकिन लंकेश अपनी अद्भुत शक्तियों से पुनः सजीव हो उठता है। विभीषण के सुझाव पर श्रीराम लंकेश के नाभि कुंड में अपने बाण का संधान करते है और विशालकाय लंकेश धराशायी होता है। साकेत धाम में स्थापित किए गए साठ फिट के पुतले का दहन के साथ आकाशीय आतिशबाजी के बीच जय श्रीराम के जय घोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो जाता है। कमेटी अध्यक्ष संजय राठी, महामंत्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव कमल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी, महोत्सव सूत्रधार कृष्णप्रिय मोती श्याम, पूर्व अध्यक्ष कांतिमोहन गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगदीश महेश्वरी, महिला मंडल अध्यक्ष आरती यादव, प्रबंधक संजीव गुप्ता राजा, अधिवक्ता विनोद शर्मा, व्यवस्थापक इंदु प्रकाश अवस्थी व कौशल किशोर यादव, मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सिंह सेंगर, ललित द्विवेदी आजाद, कुंवर अजय सिंह, शशिकांत गुप्ता, अवधेश सिंह, विवेक गुप्ता, शिवम तिवारी, राहुल कश्यप आदि ने पूजन और आरती में बाग लिया।

डेंगू से कई मौतों के बाद जागा, मलेरिया विभाग टीम साथ क्षेत्र में किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र में डेंगू की चपेट में आने से सात मौत हो गई, शनिवार को मलेरिया टीम गावो सहित नगर पंचायत के लोगो को एंटी लार्वा छिड़काव तथा मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक किया

कस्बा मोहान सहित आसपास गांवों में जिला मलेरिया अधिकारी रमेश यादव, सीएचसी डॉक्टर की टीम के साथ पहुंचकर कस्बे वासियों को साफ सफाई व एंटी लार्वा छिड़काव तथा मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक किया ।मोहान चेयरमैन समर जीत यादव व सभासदों के साथ बैठक की ।तथा सफाई नायकों को कस्बेवासियों को घरों में पानी का जमाव न होने देने तथा। साफ सफाई करने के लिए जागरूक करते रहने के निर्देश दिए।

इसके अलावा कस्बे की गलियों में पोस्टर चिपका कर तथा पंप प्लेट वितरित कर मच्छर जनित बीमारियां डेंगू, मलेरिया, चिकन गुनिया आदि की पहचान, बचाव की जानकारी दी।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि घरों व आसपास कही भी पानी का जमाव न होने दे ।यदि पानी कई दिनों तक रुका रहता है तो उसमे मच्छर पनप जाते हैं जिनके काटने से बीमारियां होती हैं।

इस अवसर पर चेयरमैन समरजीत यादव, सीएचसी प्रभारी प्रमोद कुमार, सभासद धरमवीर, दीपू, जितेंद्र रावत, मोहसिन, सशांक सिंह, पंकज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के अनेक क्षेत्रों में सनातन धर्म के ऐतिहासिक ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जनपद के अनेक क्षेत्रों में बाल्मिक कृत रामायण का पाठ संपन्न हुआ इसी प्रकार जनपद के सदर फतेहपुर नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप एवं जल अवर अभियंता द्वारा आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया महाकवि के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए ऐतिहासिक ग्रंथ रामायण का पाठ संपन्न हुआ नगर पालिका परिषद फतेहपुर के अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप ने कहा कि यह ऐतिहासिक ग्रंथ हम सभी को शिष्टता सौम्यता तथा सदाचार के पथ की ओर अग्रसर करता है जिससे हमें नवीन प्रेरणा मिलती है महर्षि वाल्मीकि समस्त सनातन धर्म के लिए एक महान व्यक्तित्व है जिनकी प्रेरणा स्त्रोत से आज सनातन धर्म जीवित है

श्रीमद् भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। खपुरा भट्ट गांव स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक महेश चंद्र ने आए हुए भक्तो को राम विवाह की कथा सुनाई तथा बताया कि कथा की सार्थकता तब ही सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल ह्य मनोरंजन ह्य, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। इसलिए सद्गुरु की पहचान कर उनका अनुकरण एवं निरंतर हरि स्मरण, भागवत कथा श्रवण करने की जरूरत है। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद् भागवत या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरूपण भी किया गया है। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद्भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं ।श्रीमदभागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है।

बहुआ विकासखंड के नए खंड विकास अधिकारी बने अखिलेश

अमन लेखनी समाचार

बहुआ फतेहपुर जनपद के बहुआ विकासखंड में तैनात खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह के पश्चात अखिलेश कुमार दुबे को खंड विकास अधिकारी का कार्यभार सौपा गया जिला विकास अधिकारी ने स्थाई जिम्मेदारी सौंपते हुए नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार दुबे को हार्दिक शुभकामनाएं दी मिली जानकारी के अनुसार इससे पूर्व अखिलेश कुमार दुबे बहुआ विकासखंड में संयुक्त खंड विकास अधिकारी पद पर कार्यरत रहे पत्रकारों से वार्ता करते हुए नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को निम्न स्तर तक के लाभार्थी तक पहुंचाने का दृढ़ संकल्प उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी ब्लॉक स्तर के सभी कर्मचारी अधिकारी गणों ने नव नियुक्त खंड विकास अधिकारी का भव्य स्वागत किया इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत नीरज सिंह एडियो समाज कल्याण रामकृपाल कंप्यूटर ऑपरेटर मालती पटेल आशीष तिवारी समेत ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे

पीएम आवास योजना के लाभार्थियों से मांगे गये साक्ष्य

08 नवम्बर तक प्रस्तुत करना होंगे अभिलेख

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत डी.पी.आर. में स्वीकृत नगर पालिका परिषद बहराइच 151 व नानपारा के 17 तथा नगर पंचायत पयागपुर के 15 कुल 183 लाभार्थी भिन्न-भिन्न कारणों से अपात्र हो गये हैं। योजना अन्तर्गत अपात्र हुए लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित नगर निकायों के सूचना पट पर चस्पा करा दी गई है। यह जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी डूडा ने सम्बन्धित लाभार्थियों से अपेक्षा की है कि नगर निकायों के सूचना पट पर चस्पा सूची का अवलोकन कर अपनी पात्रता के सम्बन्ध में अभिलेखीय साक्ष्य 08 नवम्बर 2023 तक सम्बन्धित नगर निकाय व डूडा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पीओ डूडा ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा 08 नवम्बर तक पात्रता से सम्बन्धित कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो लाभार्थी को अन्तिम रूप से अपात्र करते हुये कर्टलमेंट डी.पी.आर. शासन को प्रेषित कर दिया जायेगा।

सूखे पेड़ के बंटवारे को लेकर भाइयो ने भाभी को पीटा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के अंतर्गत दुबाई गांव में एक महिला ने अपने साथ मारपीट का आरोप लगा तहरीर दी है ।दुबाई गाँव निवासिनी गंगादुलारी पत्नी सुदामा ने बताया कि वह अपने खेत मे धान पीट रही थी । उसी खेत मे 4 आम के पेड़ है जिनमे एक सूख गया है अपने देवर असफीलाल व तीरथलाल से यह कहने पर कि यह पेड़ पैतृक भूमि पर है जिसमे सबका हक है आपस मे बाट लो, इतनी बात कहते है उक्त दोनों लोग गाली देते हुए हमको मारने पीटने लगे और कहने लगे इसमे तुमको कोई हिस्सा नही देंगे। साथ ही सुखदेवपुर में हम तीनों लोगो के हिस्से में ग्यारह बिसुवा जमीन भी थी जिसको चोरी-छिपे इन लोगो ने मेरे हिस्से की भी जमीन चार लाख रुपए में बेच डाली। थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

कृषि योग्य भूमि पर दबंगो ने किया मिट्टी खनन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। किसान की कृषि योग्य जमीन के कुछ हिस्से पर दबंग व्यक्तियों द्वारा मिट्टी की खोदाई कर पीड़ित के कब्जे में हस्तक्षेप किया जा रहा है.पीड़ित कई माह से तहसील प्रशासन से शिकायत का न्याय की गुहार लगा रहा है.लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते पीड़ित को अभी तक न्याय नही मिल सका है. फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के सैंता गांव निवासी आरिफ खां पुत्र मुश्ताक खां द्वारा थाना समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि भूमि नंबर 542 रकबा 0.1010 हेक्टेयर जो पतौली में स्थित कृषि योग्य भूमि है.जिसके कुछ हिस्से पर पतौली गांव निवासी मोबिन पुत्र नूरहसन, गुलाम हसन व नबी हसन पुत्रगण रसूल द्वारा मिट्टी खोदकर जमीन में गड्ढा कर भूमि को ऊबड़ खाबड़ बना दिया है.

पीड़ित ने कई बार उक्त लोगों को मना करने का प्रयास किया परंतु उक्त लोग स्वयं एवं घर की महिलाओं को आगे कर पीड़ित के साथ गाली गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग कर झगड़े में आमादा हो जाते हैं और पीड़ित के कब्जे में हस्तक्षेप करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं.जबकि पीड़ित दूसरे प्रांत में रहकर काम करता है. पीड़ित अपनी समस्या के समाधान के लिए कई माह से शिकायतें कर रहा है परंतु क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पीड़ित को आश्वासन देकर टरकाया जा रहा है।

गैस सिलेंडर से घर में लगी आग

लाखों रुपए का घर गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के थानाक्षेत्र पयागपुर अंतर्गत ग्रामपंचायत बनियांगांव में दूध गर्म करते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से घर में रखा लाखों का सामान जल कर राख हो गया। बताते चले कि आज बनियांगांव में असगर अली पुत्र महबूब अली के यहां छत पर बनी रसोई में घर की महिला दूध गर्म करने गई थी अचानक सिलेंडर में आग लग गई।

आग इतनी तेज कि पूरे घर को अपने आगोस में ले लिया जिससे घर में रखा करीब तीन चार लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन कोशिश नाकाम रही। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। सूचना पर स्थानीय थाना पयागपुर के थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचकर राहत बचाव शुरू करते हुए फायर सर्विस को भी सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, वही सूचना पर राजस्व टीम भी मौके पहुंची जिसने आग से हुए नुकसान की छतिपूर्ति दिलाने के लिए कार्यवाइ शुरू कर दी।

चिंतन

चुनौतियों पर विजय के लिए प्रयासरत रहे भारत

आज जब देश असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा मना रहा है तो राष्ट्र के सामने जहां असत्य के तौर पर बाहरी व घरेलू अनेक चुनौतियां हैं, वहीं अनेक अच्छी चीजें भी हो रही हैं जो आवाम के लिए सुकून की बात है। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी की भारतीय अनुषंगी एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण ने अपने नवीनतम खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में कहा है कि इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2030 तक 7300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है, वहीं एशिया में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत से आगे केवल अमेरिका व चीन रहेंगे। अभी दुनिया की जीडीपी रफ्तार बहुत सुस्त है और विश्व में अनेक स्तर पर संघर्ष हो रहे हैं, तो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों स्तर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था व भू-राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं, ऐसी विषम परिस्थिति में अगर भारत तेजी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है तो यह हर्ष की बात है। मूडीज, नोमूरा, आईएमएफ, विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र, क्रिसिल, भारतीय रिजर्व बैंक, एसबीआई आदि सभी वित्तीय निकाय अपनी अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रोथ परिदृश्य को लेकर सकारात्मक हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य जयंत आर. वर्मा ने कहा है कि वह कुछ महीने पहले की तुलना में भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर 'थोड़ा अधिक' आशावादी हैं। हालांकि इसी के साथ ग्लोबल हंगर इंडेक्स, ग्लोबल मानवाधिकार रिपोर्ट, ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स आदि एजेंसियां भी हैं, जो भारत को लेकर नकारात्मक तस्वीर भी पेश करती रहती हैं। महंगाई, बेरोजगारी और अनेक क्षेत्र के आर्थिक व शैक्षिक पिछड़ेपन भी देश के सामने चुनौतियां हैं। आरबीआई एमपीसी सदस्य ने कहा भी है कि भारत को वृद्धि के झटकों से बचने के लिए कई तिमाहियों तक चार से पांच प्रतिशत के बीच मुद्रास्फीति को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। नियंत्रित महंगाई दर तेज ग्रोथ के लिए आवश्यक है। भारत ने स्वयं के स्तर पर भी अगले 25 वर्ष में विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है, यह लक्ष्य कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसके लिए चुनौतियों से पार पाते हुए जीडीपी के मोमेंटम को बनाए रखना होगा। विजयदशमी पर भारत को अपना यह संकल्प दोहराना चाहिए। भारत सरकार नागरिक भागीदारी के साथ देश में आर्थिक परिवर्तन व समृद्धि को बढ़ावा दे रही है, इसके लिए नीतिगत उपायों समेत अनेक स्तर पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पर जरूरत आर्थिक सामाजिक क्रांति की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पीएम नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में करीब 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। विशाल जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में यह बड़ी उपलब्धियां हैं, लेकिन करीब 22 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे ही हैं। दशहरे पर नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जहां अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर उत्साह व्यक्त किया, वहीं वे मणिपुर हिंसा में बाहरी ताकतों की भूमिका के प्रति भी आगाह किया। भारत को चीन, पाकिस्तान के साथ कुछ अदृश्य बाहरी ताकतों का सामना करना पड़ता है, जो भारत की राह में रोड़े अटकाते रहते हैं। वैश्विक भूराजनीति व आर्थिक स्थिति में भी बदलाव आ रहे हैं, इसलिए भारत का प्रयासरत व फोकस्ड रहना जरूरी है।

सुप्रीम आदेश
पंकज चतुर्वेदी

आखिर मौत घर क्यों बन रहे सीवर

> कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सीवर की सफाई करने वाली एजेंसी के पास सीवर लाइन के नक्शे, उसकी गहराई से संबंधित आंकड़े होना चाहिए। सीवर सफाई का दैनिक रिकार्ड, काम में लगे लोगों की नियमित स्वास्थ्य की जांच, आवश्यक सुरक्षा उपकरण मुहैया करवाना, काम में लगे कर्मचारियों का नियमित ट्रेनिंग, सीवर में गिरने वाले कचरे की हर दिन जांच कि कहीं इसमें कोई रसायन तो नहीं गिर रहे हैं; जैसी आदर्श स्थिति कागजों से ऊपर कभी आ नहीं पाई। सुप्रीम कोर्ट का ताजा आदेश है तो ताकतवर लेकिन समस्या यह है कि अधिकांश मामलों में मजदूरों को काम पर लगाने का कोई रिकार्ड ही नहीं होता।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि यदि सीवर की सफाई के दौरान कोई श्रमिक मारे जाते हैं तो उनके परिवार को सरकारी अधिकारियों को 30 लाख रुपये मुआवजा देना होगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने यह भी कहा कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी विकलांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा और अगर सफाई करते हुए कोई कर्मचारी अन्य किसी विकलांगता से ग्रस्त होता है तो उसे 10 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। इस आदेश का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा यह है कि सरकारें यह सुनिश्चित करें कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी खत्म हो जाए। हालांकि यह इस तरह का कोई पहला आदेश नहीं है, लेकिन एक तरफ कम खर्च में श्रम का लोभ है तो दूसरी तरफ पेट भरने की मजबूरी और तीसरी है आम मजदूरों को सरकारी कानूनों की जानकारी न होना।

संसद के 2022 के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बताया कि पिछले तीन सालों के दौरान सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय 233 लोगों की मौत हुई है। वैसे यह सरकारी आंकड़ा भयावह है कि गत बीस सालों में देश में सीवर सफाई के दौरान 989 लोग जान गंवा चुके हैं। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की रिपोर्ट कहती है कि 1993 से फरवरी 2022 तक देश में सीवर सफाई के दौरान सर्वाधिक लोग तमिलनाडु में 218 मारे गए। उसके बाद गुजरात में 153 और बहुत छोटे से राज्य दिल्ली में 97 मौत दर्ज की गई। उप्र में 107, हरियाणा में 84 और कर्नाटक में 86 लोगों के लिए सीवर मौतघर बन गया।

ऐसी हर मौत का कारण सीवर की जहरीली गैस बताया जाता है। हर बार कहा जाता है कि यह लापरवाही का मामला है। पुलिस ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। यही नहीं अब नागरिक भी अपने घर के सैप्टिक टैंक की सफाई के लिए अनियोजित क्षेत्र से मजदूरों को बुला लेते हैं और यदि उनके साथ कोई दुर्घटना होती है तो ना तो उनके आश्रितों को कोई मुआवजा मिलता है और ना ही कोताही करने वालों को कोई समझाईश। शायद यह पुलिस को भी नहीं मालूम है कि इस तरह सीवर सफाई का ठेका देना हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत है। समाज के जिम्मेदार लोगों ने कभी महसूस ही नहीं किया कि नरक-कुंड की सफाई के लिए बगैर तकनीकी ज्ञान व उपकरणों के निरीह मजदूरों को सीवर में उतारना अमानवीय है।

यह विडंबना है कि सरकार व सफाई कर्मचारी आयोग सिर पर मैला ढ़ोन की अमानवीय प्रथा पर रोक लगाने के नारों से आगे इस तरह से हो रही मौतों पर ध्यान ही नहीं देता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और मुंबई हाईकोर्ट ने आठ साल पहले सीवर की सफाई के लिए दिशा–निर्देश जारी किए थे, जिनकी परवाह और जानकारी किसी को नहीं है। सरकार ने भी 2008 में एक अध्यादेश ला कर गहरे में सफाई का काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने की अनिवार्यता की बात कही थी। नरक कुंड की सफाई का जोखिम उठाने वाले लोगों की सुरक्षा-व्यवस्था के कई कानून हैं और मानव अधिकार आयोग के निर्देश भी, लेकिन इनके

पालन की जिम्मेदारी किसी की नहीं। कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सीवर की सफाई करने वाली एजेंसी के पास सीवर लाइन के नक्शे, उसकी गहराई से संबंधित आंकड़े होना चाहिए। सीवर सफाई का दैनिक रिकार्ड, काम में लगे लोगों की नियमित स्वास्थ्य की जांच, आवश्यक सुरक्षा उपकरण मुहैया करवाना, काम में लगे कर्मचारियों का नियमित ट्रेनिंग, सीवर में गिरने वाले कचरे की हर दिन जांच कि कहीं इसमें कोई रसायन तो नहीं गिर रहे हैं; जैसी आदर्श स्थिति कागजों से ऊपर कभी आ नहीं पाई। सुप्रीम कोर्ट का ताजा आदेश है तो ताकतवर लेकिन समस्या यह है कि अधिकांश मामलों में मजदूरों को काम पर लगाने का कोई रिकार्ड ही नहीं होता। यह सिद्ध करना मुश्किल होता है कि अमुक व्यक्ति को अमुक ने इस काम के लिए बुलाया था या काम सौंपा था।

भूमिगत सीवरों ने भले ही शहरी जीवन में कुछ सहूलियतें दी हों, लेकिन इसकी सफाई करने वालों के जीवन में इस अंधेरे नाले ने और भी अंधेरा कर दिया है। अनुमान है कि हर साल देश भर के सीवरों में औसतन एक हजार लोग दम घुटने से मरते हैं, जो दम घुटने से बच जाते हैं उनका जीवन सीवर की विषैली गंदगी के कारण नरक से भी बदतर हो जाता है। देश में दो लाख से अधिक लोग जाम हो गए सीवरों को खोलने, मेनहोल में घुस कर वहां जमा हो गई गाद, पत्थर को हटाने के काम में लगे हैं। कई-कई महीनों से बंद पड़े इन गहरे नरक कुंडों में कार्बन मोनो आक्साइड, हाईड्रोजन सल्फाइड, मीथेन जैसी दमघोटू गैसें होती हैं

यह एक शर्मनाक पहलू है कि यह जानते हुए भी कि भीतर जानलेवा गैसें और रसायन हैं, एक इंसान दूसरे इंसान को बगैर किसी बचाव या सुरक्षा-साधनों के भीतर ढकेल देता है। सनद रहे कि महानगरों के सीवरों में महज घरेलू निस्तार ही नहीं होता है, उसमें ढ़ेर सारे कारखानों की गंदगी भी होती है और आज घर भी विभिन्न रसायनों के प्रयोग का स्थल बन चुके हैं। इस पानी में ग्रीस-चिकनाई, कई किस्म के क्लोराइड व सल्फेट, पारा, सीसा के यौगिक, अमोनिया गैस और ना जाने क्या-क्या होता है। सीवरेज के पानी के संपर्क में आने पर सफाईकर्मी के शरीर पर छाले या घाव पड़ना आम बात है। नाइट्रेट और नाईट्राइड के कारण दमा और फेफड़े के संक्रमण होने की प्रबल संभावना होती है। सीवर में मिलने वाले क्रोमियम से शरीर पर घाव होने, नाक की झिल्ली फटने और फेंफड़े का कैंसर होने के आसार होते हैं। भीतर का अधिक तापमान इन घातक प्रभावों को कई गुना बढ़ा देता है। यह वे स्वयं जानते हैं कि सीवर की सफाई करने वाला 10-12 साल से अधिक काम नहीं कर पाता है, क्योंकि उनका शरीर काम करने लायक ही नहीं रह जाता है। ऐसी बदबू, गंदगी और रोजगार की अनिश्चितता में जीने वाले इन लोगों का शराब व अन्य नशों की गिरफ्त में आना लाजिमी ही है और नशे की यह लत उन्हें कई गंभीर बीमारियों का शिकार बना देती है।

वैसे यह कानून है कि सीवर सफाई करने वालों को गैस -टेस्टर (जहरीली गैस की जांच का उपकरण), गंदी हवा को बाहर फेंकने के लिए ब्लोअर, टार्च, दस्ताने, चश्मा और कान को ढंकने का कैप, हेलमेट मुहैया करवाना आवश्यक है। मुंबई हाईकोर्ट का निर्देश था कि सीवर सफाई का काम ठेकेदारों के माध्यम से कतई नहीं करवाना चाहिए। सफाई का काम करने के बाद उन्हें पीने का स्वच्छ पानी, नहाने के लिए साबुन व पानी तथा स्थान उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी कार्यकारी एजेंसी की है। काश कानून इतनी कड़ाई से लागू हो कि मुआवजा देने की नौबत आये नहीं और सफाई कार्य से पहले ही जिम्मेदार एजेंसियां सुरक्षा उपकरण और कानून के प्रति संवेदनशील हों।

स्मृति शेष

विवेक शुक्ला

परिश्रम-साधना से मिल कर महान बने थे बेदी

बिशन सिंह बेदी के निधन से भारतीय क्रिकेट ने अपने समय के एक लाजवाब स्पिनर और बेखौफ शख्सियत को खो दिया है। उनसे जब बात होती थी तो वे अपने साथी स्पिनरों इरापल्ली प्रसन्ना, एस. चंद्रशेखर और वेंकट राघवन को भी चर्चा में ले आते थे। वे मानते थे कि उनकी या भारत के सबसे बेहतरीन स्पिनरों को लेकर बात या बहस होगी तो उसे समग्रता तब ही मिलेगी जब चारों का उल्लेख होगा। बेदी अपने साथियों को भूलने या नजरअंदाज करने वालों में से नहीं थे। भारतीय क्रिकेट में उनके कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विराट कोहली उनके सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। उन्होंने यह सम्मान परिश्रम, साधना और पक्के इरादे से पाया था।

अगर बिशन सिंह बेदी राजधानी में पटेल नगर के आस-पास से गुजर रहे होते थे, तो वे कोशिश करते थे कि वेस्ट पटेल नगर के मकान नंबर 28/ 50 को दूर से ही देख लें। उनकी इस घर से ढ़ेरों यादें जुड़ी हुई थीं। बेदी ने 1967 के अंत में अपने शहर अमृतसर से दिल्ली शिफ्ट किया था। वे तब 21 साल के थे। नॉर्थेर्न पंजाब, दिल्ली, नॉर्थहेम्पटनशायर, भारत और विश्व एकादश की टीमों से खेलने वाले बेदी ने 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेली। बेदी को हमेशा एक रंगीन पटका पहनने और बेबाकी से क्रिकेट पर अपने विचार

रखने के लिए भी जाना जाता रहा। बेदी ने घरेलू क्रिकेट में उत्तरी पंजाब के लिए पहली बार तब खेला था जब वे केवल 15 साल के थे। 1968–69 में वे दिल्ली की तरफ से खेलने लगे थे और 1974–75 सत्र में उन्होंने रणजी ट्राफी के लिए रिकार्ड 64 विकेट लिए। बेदी दिल्ली इसलिए शिफ्ट हुए थे क्योंकि उन्हें स्टेट बैंक में नौकरी मिल गई थी। दिल्ली में उनके पहले घर में उनके पास कभी-कभी उनकी बीजी (मां) या बहनें भी आ जाती थीं। उनकी 12 बहनें थीं। वे अपने माता-पिता की 13 वीं संतान थे। यहां आते ही बेदी ने एक स्कूटर ले लिया था। उससे ही संसद मार्ग स्थित अपने स्टेट बैंक के दफ्तर आते-जाते। डीटीसी बस से भी कभी-कभी सफर कर लिया करते थे। उनके पैर हमेशा जमीन पर रहे। बेदी पाजी के आधी सदी पुराने मित्र और कमेंटेटर डॉ. रवि चतुर्वेदी कहते हैं कि गेंद को फ्लाइट कराने में लाजवाब थे बेदी। बेदी पूरे दिन लय और संतुलन के साथ गेंदबाजी कर सकते थे। वे बेजान पिचों पर भी गेंदों को घुमाने की क्षमता रखते थे। बेदी किसी से मित्रता करते हैं तो वे जीवनभर की होती थी। फिर उसके सुख-दुख का हिस्सा बनते। मित्र को संकट में मझधार में नहीं छोड़ते। बेदी के बाद दिल्ली के कप्तान रहे वेंकट सुंदरम भी उनके शुरूआती दौर के दोस्त रहे। बेदी पिछले दिनों अस्वस्थ थे। तब वेंकट लगातार उनके साथ रहे। दरअसल दिल्ली आते ही बेदी यहां की रणजी ट्रॉफी टीम का हिस्सा बन गए थे। उन्हें राजधानी की क्रिकेट के बेताज बादशाह राम प्रकाश मेहरा ने दिल्ली की क्रिकेट के विकास के लिए फ्री हैंड दे दिया था। उन्हें एक तरह से टीम को चुनने का भी अधिकार मिल गया था। चूंकि उनकी चमत्कारी स्पिन गेंदबाजी को सारी दुनिया जानने लगी थी इसलिए दिल्ली क्रिकेट में भी उनका असर बढ़ रहा था। उन्होंने सुरेन्द्र अमरनाथ, मोहिन्दर अमरनाथ, चेतन चौहान और मदनलाल को दिल्ली से खेलने का अवसर दिया। वे मेरिट से टीम का चयन करने लगे। दिल्ली की टीम का चेहरा बदल गया। यह एक थकी-हारी टीम की बजाय जुझारू टीम के रूप में उभरी। बेदी की सरपरस्ती में दिल्ली 1976-77 में रणजी ट्रॉफी की उप विजेता और 1978-79 में चैंपियन बनकर उभरी। अगले साल फिर चैंपियन बनी। दिल्ली हराने लगी मुंबई और कर्नाटक को। मुंबई के अभेद्द किले में भी दरार पड़ गई। भारतीय क्रिकेट में मुंबई और कर्नाटक के बाद एक तीसरी शक्ति का उदय हआ।

उपकार

संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनर्पयत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

तुलसीदास जी ने दिया ब्राह्मण को जीवन दान

संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

विद्यारंभ समारोह

कोच्चि के कलूर पावकुलम मंदिर में विजयादशमी समारोह के दौरान लोग छोटे बच्चों के प्रथम अक्षर लेखन समारोह में भाग लेते हुए।

आज की पाती

भ्रष्टाचार के कारण भूख का शर्मनाक आंकड़ा

ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 का आंकड़ा आ गया है। इसमें हमारे देश को 111वां स्थान 125 देशों में से मिला है। जबकि हमारे पड़ोसी देशों, पाकिस्तान को 102वां, नेपाल को 69वां, श्रीलंका को 60वां और बांग्लादेश को 81वां स्थान मिला है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 अर्थात वैश्विक भूख सूचकांक 2022 में हमारे देश का जो आंकड़ा सामने आया था, वो बहुत शर्मनाक है। इन आंकड़ों में हमारा देश 121 देशों में से 107वें स्थान पर पहुंच गया, अर्थात इस बार हमारा देश लगभग छह पायदान नीचे लुढ़क गया था, जबकि इस रिपोर्ट में हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, म्यामांर का आंकड़ा हमारे से बेहतर बताया गया है। मोदी सरकार को इस विषय पर चिंतन करना चाहिए।

– सोहन वर्मा, धमतरी

ट्रेंड

गंभीर चर्चा हुई

सऊदी अरब के रियाद में आयोजित की गई फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव के 7वें संस्करण के मौके पर विश्व बैंक के चेयरमैन अजय बंगा से मिलकर बहुत ख़ुशी हुई। इस मुलाकात के दौरान कई अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई।

- पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

वंदनीय भूमिका

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' मात्र एक संगठन नहीं निःस्वार्थ सेवा, अनुशासन, अद्वितीय समर्पण का पर्याय है। मां भारती के वैभव को शिखर पर पहुंचाने में संघ ने 9 दशकों में करोड़ों भारतीयों के व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण में वंदनीय भूमिका निभाई है।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

अजय जडेजा का प्रभाव

विश्व कप में अफगानिस्तान ने बल्ले के साथ अनुशासन का जो स्वभाव दिखाया है और विकेटों के बीच आक्रामक दौड़ उनकी कड़ी मेहनत को दर्शाती है। यह संभवतः अजय जडेजा के प्रभाव के कारण हो सकता है।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

हर सैनिक के प्रेरणा

किस्मत का क्या कमाल है, आज सुबह फ्लाइट में मुझे अजीत डोभाल के बगल में बैठने का मौका मिला, तेजस (हमारे सैनिकों को समर्पित एक फिल्म) के प्रचार के दौरान मुझे उन सर से मिलने का मौका मिला जो हर सैनिक के हैं प्रेरणा।

-कंगना रानौत, अभिनेत्री

करंट अफेयर

भूटान पर सीमा विवाद सुलझाने चीन का दबाव

चीन भूटान पर खुद के साथ राजनयिक संबंध कायम करने और सीमा संबंधी मुद्दों को 'जितनी जल्दी हो सके' सुलझाने का दबाव बना रहा है, ताकि दोनों पड़ोसी देशों के बीच रिश्तों को 'कानूनी रूप' दिया जा सके। चीन–भूटान के बीच सीमा वार्ता में शामिल होने के लिए बीजिंग पहुंचे भूटान के विदेश मंत्री डॉ. टांडी दोर्जी ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इस दौरान वांग ने दोर्जी से कहा कि राजनयिक संबंधों की बहाली दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों को पूरा करेगी।

ऑफ बीट

पश्चिम अंटार्कटिका में तेजी से पिघलती बर्फ चिंताजनक

हमारे नये शोध से संकेत मिलता है कि गर्म होता दक्षिणी महासागर पश्चिम अंटार्कटिक की बर्फ की चादर को जिस दर से पिघला रहा है, वह आने वाले दशकों में उत्सर्जन में गिरावट आने के बावजूद और तेज हो जाएगी। इससे समुद्र के जल स्तर में वृद्धि होने की आशंका है, जिसके प्रतिकूल परिणाम दुनिया भर के तटीय समुदायों पर पड़ेंगे। अंटार्कटिक में बर्फ की चादर वास्तव में परस्पर जुड़े ग्लेशियर की एक प्रणाली है, जिसमें साल भर बर्फबारी होती रहती है। तटीय बर्फ यानी आइस शेल्फ इस बर्फ की चादर के तैरते हुए किनारे हैं, जो उनके पीछे के ग्लेशियर को स्थिर करते हैं। समुद्री जल के तापमान में वृद्धि से ये आइस शेल्फ पिघलने लगते हैं।

संक्षेप

अयोध्या में रोड एक्सीडेंट में 1 की मौत, 8 घायल

दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करके लौट रहे थे; ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से हुआ हादसा

अयोध्या, अयोध्या में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी गई। हादसे में 8 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि एक की मौत मौत हो गई। घटना बीती रात्रि का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को दर्शननगर स्थित में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। वहीं मृतक के शौक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अयोध्या कोतवाली के रघुकुल रेस्टोरेंट के पास एनएच-27 पर मध्य रात्रि अयोध्या से पूरा कैलेंडर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। चिख पुकार सुनकर स्थानीय लोग एकत्र हुए। गुरुवार भोर में करीब साढ़े चार बजे जैसे ही अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के बूथ नंबर चार पर पहुंचे कि पीछे से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे 14 लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को ट्राली के नीचे से निकला। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। दो गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को लखनऊ रेफर किया गया था। रास्ते में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अनीत पुत्र राम आशीष रावत उम्र करीब 20 वर्ष व अनूप पुत्र शेषराम उम्र करीब 21 वर्ष निवासी सूखापुर इटौरा की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। अनीत पुत्र राम आशीष रावत की रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक और घायल सभी जिले के थाना पूराकलंदर के सुखापुर गांव के रहने वाले थे। सूखापुर गांव से अयोध्या धाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने आए थे।

टैक्टर रोटावेटर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

खेत की जुताई करने घर से निकला था, पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

अयोध्या, अयोध्या के हैदरगंज कोतवाली क्षेत्र के बेलाराम बाग वाले डीहा में ट्रैक्टर से खेत की जुताई कराने गए व्यक्ति की रोटावेटर से कट कर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे। सूचना पर हैदरगंज पुलिस भी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बाबुरा गांव में रहने वाले बृजेश कुमार मिश्रा (48) की 8 वर्ष पहले बेलाराम बाग वाले डीहा गांव में शादी हुई थी। पिछले 2 वर्षों से वह बेलाराम बाग वाले डीहा में रह रहा था। मंगलवार शाम को ससुराल में खेत की जुताई कराने घर से निकला था। खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर से किस तरह उसके नीचे गिरकर रोटावेटर में फंस गया और उसमें दबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर मृतक के गांव से भी लोग ससुराल पहुंचे। और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कई बिंदुओं पर कर रही है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष हैदरगंज में बताया कि मृतक का शव कब्जे में ले लिया गया है और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

सीएम डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग को अद्यतन रखा जाय: जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सीएम डैशबोर्ड पर माह के अन्त में विभागीय प्रगति की फीडिंग को सही ढंग से कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने वैकल्पिक ऊर्जा, विद्युत, आबकारी, उद्योग, खाद्य एवं रसद, खादी ग्रामोद्योग, श्रम, स्वास्थ्य, जल निगम, पंचायती राज, लोक निर्माण, ग्राम्य विकास, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, महिला कल्याण, पशुपालन एवं कृषि इत्यादि विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि विभागीय प्रगति का अंकन जिम्मेदार अधिकारियों के माध्यम से कराई जाय ताकि अंकन में किसी प्रकार त्रुटि परिलक्षित न होने पाये। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक दशा में सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़ों को अद्यतन रखा जाय ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। आईजीआरएस सन्दर्भों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि प्राप्त सन्दर्भों का समय से निस्तारण किया जाय। कोई भी सन्दर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रकरणों का निस्तारण इस प्रकार से करायें कि असंतुष्ट की स्थिति न्यून से न्यूनतम रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, सीएमओ डॉ एस.के. सिंह, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, सीवीओ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीडी एग्री टी.पी. शाही सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

बेसिक शिक्षा मंत्री के हाथों सम्मानित हुई शिक्षिका: अंजू शर्मा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। स्कूलों में शैक्षिक नवाचारों के माध्यम से गुणवत्ता संवर्धन के लिए जिले की शिक्षिका अंजू शर्मा को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जी ने सम्मानित किया है। इस पर अधिकारियों व साथी शिक्षकों ने बधाई दी है। बेसिक शिक्षा विभाग अलीगढ़ एवं मिशन संवाद उत्तर प्रदेश द्वारा निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला श्री कल्याण सिंह हैवीटेट सेंटर अलीगढ़ में हुआ। जिसमें प्रदेश के 250 नवाचारी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में शिक्षकों ने कक्षा शिक्षण के दौरान बच्चों के बीच किया जा रहे अनुभव को उपस्थित अधिकारियों व शिक्षकों के बीच साझा किया। इस कार्यशाला में जिले से पयागपुर विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खुटेहना की शिक्षिका अंजू शर्मा ने प्रतिभाग किया। अंजू शर्मा के उत्कृष्ट कार्य व व्यवहार के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री माननीय संदीप सिंह जी ने अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। अलीगढ़ में बहराइच जनपद के शिक्षिका के सम्मानित होने पर अधिकारी तथा साथी शिक्षकों ने बधाई दी है।

बीचबचाव करने युवक पर दबंगों ने किया हमला

- युवक को आई गंभीर चोटें, सीएचसी में इलाज जारी, शातिर अपराधी है हमलावर

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात दो पक्षों में हो रहे मारपीट में बीच बचाव करना युवक को महंगा पड़ गया ।युवक के बीच बचाव करने से नाराज आधा दर्जन से अधिक दबंगों धारदार हथियार और लाठी डंडों से हमला कर दिया। दबंगों के हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अमेठी सीएचसी में भर्ती कराया गया था। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के छोटा रामनाथपुर गांव का है। जहां कल देर शाम आधा दर्जन से अधिक दबंग करन, सुरेश, मोनू, बिक्कू समेत कई अन्य पास के ही रहने वाले उमाशंकर यादव को बुरी तरह मार रहे थे। इसी बीच पास में ही मौजूद शिवभवन सरोज को जानकारी हुई तो वो बीच बचाव करने चले गए। बीच बचाव करने से नाराज दबंगो ने शिव

भवन पर लाठी डंडो औए धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगों के हमले में शिवभवन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अमेठी सीएचसी में भर्ती कराया गया है ।दबंगो में युवक की बाइक और मोबाइल को भी तोड़ दिया।

कैसरगंज मे धूमधाम से मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयन्ती

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। अखिल भारतीय श्री वाल्मीकि नवयुवक संघ शाखा कैसरगंज की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती की अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी ने तथा संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन व विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली सोनू मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली सोनू ने कहा कि बाल्मीकि समाज सदैव से सहयोगी की भूमिका में रहा है। उन्हें जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं सदैव हाजिर रहूंगा। ब्लाक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि हम सभी को महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका नाम युगों युगों तक अमर रहेगा। आयोजक मंडल की ओर से आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी शिवम बाल्मीकि, अजय प्रताप सिंह, बद्रीबाबा, अध्यक्ष अंकुश वाल्मीकि, जगदीश प्रसाद वाल्मीकि, गुड्डू वाल्मीकि, सज्जन लाल, रंजीत वाल्मीकि,लल्लू राम, सुरेश कुमार वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, सुनील कुमार वाल्मीकि, अमन कुमार वाल्मीकि,रामकुमार, सोनू वाल्मीकि मुकेश कुमार, आयुष्मान आनंद, राकेश कुमार, बाबूलाल, प्रमोद वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

राठ में पानी भरे गड्ढे में डूबकर किशोर की मौत

नदी पर नहाने जाने को निकला था, रास्ते में पोकलैंड मशीनों से हुए गड्ढों में डूबा

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर में नदी पर नहाने गए एक बच्चे की मौत हो गई। दरअसल हैवी पोकलैंड मशीनों से हो रहे अवैध बालू खनन के चलते गहरे गड्ढों में किशोर डूब गया। जिससे उसकी जान चली गई। जब ग्रामीणों ने मासूम बच्चों के शव को उतराता देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार, चिकासी थाना अंतर्गत बढेरा खालसा गांव के निवासी मुकेश कुमार का 12 वर्षीय पुत्र अंशुल जो कि अपने घर से नदी पर नहाने के लिए गया था। तभी अचानक भारी पोकलैंड मशीनों से हो रहे अवैध बालू खनन के चलते गहरे गड्ढों में डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी इसी प्रकार से दो अन्य लोगों की भी मौत हो चुकी है। बताया कि पोकलैंड मशीनों से हुए गहरे गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। मृतक मासूम के परिजनों का कहना है कि मृतक अंशुल छठवीं कक्षा का छात्र था। चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई कराई जाएगी।

अयोध्या के नवीन मंडी में धान की खरीद शुरू

- खाद्य विभाग के धान क्रय केन्द्र पर धान खरीद का कमिश्वर ने किया आरंभ

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, मण्डलायुक्त ने नवीन मण्डी में खाद्य विभाग के धान क्रय केन्द्र पर धान खरीद का फीता काटकर उदघाटन किया ।उन्होंने कहा कि सभी क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने हेतु पर्याप्त व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहे। क्रय किए गए धान का भुगतान किसानों के खाते में समय के अंदर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि अयोध्या मण्डी में 04 क्रय केन्द्र स्थापित हैं, जिन पर सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। परन्तु अभी केवल एक क्रय केन्द्र पर पहली बार उक्त किसान अपना धान विक्रय करने आए हुए हैं ।अयोध्या मंडल में धान की खरीद दिनांक 01 नवम्बर से पूर्व में प्रस्तावित थी जिसे शासन स्तर से दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 से कर

दिया गया है, जिसके तहत मंडल के सभी जिलों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा दी गयी हैं तथा खरीद भी प्रारम्भ हो गयी है। इस मौके पर उपस्थित किसान राम अनुज वर्मा ग्राम कुरिया कुसमहां के द्वारा बताया गया कि उनके पास लगभग 40 कुंतल धान है। वह प्रतिवर्ष राजकीय क्रय केन्द्र पर धान का विक्रय करते हैं। सम्भागीय खाद्य नियंत्रक अशोक कुमार पाल ने बताया कि मंडल के जनपद बाराबंकी में दो दिन पूर्व ही खरीद प्रारम्भ हो चुकी है तथा मंडल में कुल 357 धान क्रय केन्द्र स्थापित हैं जिन पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली गयी हैं। उनके द्वारा किसानों से अपील की गयी कि अपना धान साफ करके एवं सुखा कर क्रय केन्द्रों पर लेकर आएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के समय सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी, अयोध्या सम्भाग एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी भी उपस्थित रहे।

भाजपा जिला मंत्री पर जानलेवा हमले का मामला

राणा अजीत सिंह बोले – प्रायोजित की गई है घटना, भाजपा विधायक ने मुझे परेशान करने के लिए अपनाया हथकंडा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, भाजपा जिला मंत्री राजेश सिंह पर जानलेवा हमले का मामला पूरी तरह राजनीतिक रूप ले चुका है। मामले में मुख्य आरोपी शाहगंज विधानसभा सीट से सुभासपा प्रत्याशी रह चुके राणा अजीत सिंह ने जयसिंहपुर से भाजपा विधायक राज प्रसाद उपाध्याय पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए अपने पक्ष रखा, कहा कि घटना प्रायोजित की गई है। राज प्रसाद उपाध्याय हमेशा ये अवसर ढूंढते रहते हैं कि वे मुझे कहां परेशान कर पाए। इसके लिए नए-नए हथकंडे अपनाते रहते हैं। बेलवाई गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन राणा अजीत सिंह अखंडनगर के रतनपुर गांव के निवासी हैं। वे बताते हैं कि 23 अक्टूबर को अखंडनगर के कुंडा भैरोपुर निवासी राजेश सिंह पर

अखंडनगर के राहुल नगर चौराहे पर स्थित उनकी दुकान पर रात में हमला हुआ। सड़क के इस पार से करीब 20 मीटर दूर से उन पर बाइक सवार लोग फायर कर फरार हो जाते हैं। इस घटना में राजेश सिंह ने मुझे और मेरे बेटे को मुलजिम बनाया है। जबकि अगर कोई हत्या करना चाहता है तो नजदीक से फायर करता। पूरे क्षेत्र में इस बात की चर्चा है कि यह घटना प्रायोजित है। चाहे ये गनर लेने के लिए की गई हो, चाहे ये लाइसेंस लेने के लिए की गई हो। राणा अजीत सिंह ने कहा जयसिंहपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय भी हमारे ही गांव के रहने वाले हैं। हम दोनों के बीच अच्छे संबंध कभी नहीं रहे। उन्होंने 2013 की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि पसिया पारा निवासी नरेंद्र तिवारी को लेकर राज प्रसाद उपाध्याय, बैजनाथ यादव, वंश बहादुर यादव, अशोक यादव और राधे कांत स्टेशन अफसर अंजनी तिवारी के पास पहुंचे। नरेंद्र तिवारी पर दबाव बनाकर मेरे ऊपर फर्जी एप्लीकेशन दिलाकर आरोप लगाया कि राणा अजीत सिंह से मुझे जान-माल का खतरा है और वह मेरी हत्या करा देगें। इस बात की मुझे सूचना मिली तो मैने अंजनी तिवारी से अनुरोध किया कि अब नरेंद्र तिवारी को वास्तव में जान का खतरा है क्योंकि यह वही लोग है जो उसको मार देना चाहते हैं। चार दिन बाद नरेंद्र तिवारी की हत्या हो जाती है और मुझको और तीन अन्य लोगों को मुलजिम बनाया गया था। घटना का खुलासा जब बाद में पुलिस ने किया तो वही लोग मुलजिम पाए गए जो लोग नरेंद्र तिवारी के साथ हमारे खिलाफ दरखास्त देने गये थे। इस तरह से राज प्रसाद उपाध्याय को एक तीर से कई शिकार करने का उन्हें अभ्यास है। उधर राणा अजीत ने कहा राजेश सिंह जो कहते हैं कोई भी उसको जाकर देख ले और यह कह दे कि इस प्रकरण में मेरा दोष है तो मैं अपना सब कुछ हार जाऊंगा। मुझको सिर्फ फंसाने के लिए यह सब किया गया है। यह पूरी घटना प्रयोजित की गई है। मैं शासन और प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द जिन्होंने यह घटना को अंजाम दिया है उनको पकड़ा जाएं अन्यथा कल को अगर राजेश सिंह की हत्या या कुछ और हो जाता है तो यह आरोप लगाया जा सकता है कि राणा अजीत सिंह ने किया है।

मिल्कीपुर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

- घाटों पर रात 2 बजे तक 300 मूर्तियों का हुआ विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, शारदीय नवरात्र पर आस्था और भक्ति का प्रतीक रही मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन विजयादशमी से शुरू हो गया। मूर्ति विसर्जन में भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। गाजे-बाजे के साथ अबीर-गुलाल उड़ाते हुए विभिन्न पंडालों से मूर्तियां लेकर चले देवी भक्तों ने माता रानी के जयघोष के साथ आदि गंगा गोमती नदी के आम घाट, राजघाट, रीक्ष घाट पर मूर्ति विसर्जन किया। प्रेम, करुणा और आस्था के संगम में मूर्ति विसर्जन का सिलसिला दशमी तिथि लगते ही शुरू हो गया। जिस वैभव के साथ मातारानी का नवरात्र में आगाज हुआ, बिल्कुल वैसी ही आभा के साथ देवी मां पंडालों से विदा होने लगीं। देवी गीतों की धुन में भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमते गाते हुए पंडालों से लेकर आदि गंगा गोमती नदी पर बुधवार दोपहर से

प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्य प्रारंभ हो गया। विजयदशमी के दिन मंगलवार पड़ने के चलते लोगों ने मूर्ति विसर्जन नहीं किया था। मिल्कीपुर सर्किल के पाराधमथुआ, सिधौना, गोकुला, हरदोईया, नरेन्द्राभादा, चिलबिली, धरमगंज, हैरिंग्टनगंज, शाहगंज, बारुन, कुचेरा, अमानीगंज, खंडासा, पिठला, अमरगंज, सतनापुर, गहनाग, सिधारीं बाजार, गदुरही, रामनगर सहित तहसील क्षेत्र में करीब 300 स्थानों पर पंडालों में माता रानी विराजमान थी। जिनका विधि विधान के साथ प्रतिमाओं का घाटों पर विसर्जन किया जा रहा है। विसर्जन के दौरान शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का शत प्रतिशत पालन कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। सर्किल के थाना खंडासा, थाना कुमारगंज व थाना कोतवाली इनायत नगर के प्रभारी निरीक्षकों से लगातार जरूरी फीडबैक लेते रहे।

राठ में किसान ने कुएं में कूद कर की आत्महत्या

फसल का उत्पादन कम होने व आर्थिक तंगी से परेशान था किसान

अमन लेखनी समाचार

राठ, जनपद में राठ तहसील क्षेत्र के मझगवां थाना अंतर्गत ग्राम अटगांव में 60 वर्षीय एक किसान ने अपनी मूंगफली और तिल की फसल का उत्पादन कम होने तथा आर्थिक तंगी से परेशान होकर गांव में ही बने गहरे सूखे कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली । घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहरा मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। जानकारी के अनुसार राठ तहसील क्षेत्र के मझगवां थाना अंतर्गत ग्राम अटगांव का निवासी 60 वर्षीय वृद्ध मातादीन पुत्र पुन्ना ने गांव में ही बने गहरे सूखे कुए में कूद कर अपनी जान दे दी। जब ग्रामीणों ने मातादीन के शव को कुएं में पड़ा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि मातादीन ने इस बार अपने खेतों में मूंगफली और तिल की फसल बोई हुई थी। बताया कि अत्यधिक बारिश होने के चलते उसकी मूंगफली और तिल की फसल का उत्पादन बहुत ही कम हुआ। तथा इसके अलावा मृतक किसान मातादीन आर्थिक तंगी से भी परेशान चल रहा था। बताया कि इसी वजह से उसने कुएं में कूद कर अपने जीवन लीला को समाप्त कर लिया।

हमीरपुर में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान चले लाठी-डंडे

- मारपीट में एक पक्ष से 17 लोग घायल, पटाखे छुड़ाने को लेकर शुरू हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, हमीरपुर में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे से मारपीट हुई। इस हमले में एक ही पक्ष के 17 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से चार लोगों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें कानपुर रेफर किया गया। घटना लल्पुरा थाना क्षेत्र के अछपुरा बहदीना का है। यहाँ मूर्ति विसर्जन के जुलूस के दौरान लड़कियों के बीच पटाखे छुड़ाने पर दो पक्षों में कहासुनी हुई। देखते ही देखते दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने लगे। एक

पक्ष ने बुजुर्गों और महिलाओं को भी नहीं छोड़ा और सबको लहूलुहान कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची हुई और एम्बुलेंस की मदद से एक ही पक्ष के 17 घायल लोगों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जिसमें से चार लोगों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया की मारपीट में 50 वर्षीय सुशीला, 35 वर्षीय बबली, 50 वर्षीय सुनीता, 50 वर्षीय बलराम, 55 वर्षीय नारायण, 44 वर्षीय महेंद्र, 44 वर्षीय राजेश, 40 वर्षीय कृष्ण कुमार, 45 वर्षीय राम बालक, 40 वर्षीय ओम शांति, 24 वर्षीय संदीप, 50 वर्षीय रामकली, 50 वर्षीय जय देवी, 40 वर्षीय हीरालाल, 50 वर्षीय शिवप्रसाद सहित मंगल और अमित घायल हुए हैं।

संक्षेप

लूट व चोरी का अपराध कारित करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तो पर लगा गैंगेस्टर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में, प्र0नि0 शाहपुर द्वारा गैंग लीडर मैनुद्दीन अंसारी पुत्र नसरूद्दीन अंसारी निवासी आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर गोरखपुर व गैंग के अन्य 02 सदस्य(सहअभियुक्त) 1.इमरान अंसारी पुत्र स्व0जमालुद्दीन निवासी आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर गोरखपुर 2.मो0 जैद पुत्र सैफुद्दीन निवासी घोषीपुरवा थाना शाहपुर गोरखपुर, जिनका एक विधि विरुद्ध गैंग है, के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है । उक्त गैंग का लीडर इमरान अंसारी स्वयं व अपने गिरोह के अन्य 02 सदस्य के साथ आर्थिक, भौतिक, दुनियावी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर गैंग बनाकर लूट व चोरी जैसे अपराध करते रहते है। गैंग के सरगना एवं अन्य सदस्य का सामान्यतः जन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है, जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं लूट व चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट प्राप्त कर गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए गैंग लीडर व गिरोह के 02 अन्य सदस्य के विरूद्ध थाना स्थानीय पर गैंगस्टर एकट के तहत मु0अ0सं0 812/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0-1986 पंजीकृत किया गया।

कलयुगी बेटे ने मां समेत भाईयों को किया घायल

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत महाजनी गली निवासी 30 वर्षीय युवक सुनील पुत्र चंद्रिका ने थाने में तहरीर देते हुए बताया की घरेलू विवाद के चलते उसके छोटे भाई समेत कई लोगों ने उसे तथा उसकी मां माया देवी पत्नी चंद्रिका भाई मोनू पुत्र चंद्रिका को गंभीर रूप से घायल कर दिया प्रशासन को जानकारी देते हुए युवक ने बताया की आपसी घरेलू विवाद हुआ जिसके चलते आवेश में आकर भाई लक्ष्मण वीरेंद्र मंजू समेत दो अन्य लोगों ने लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया प्रशासन ने पीड़ित की तहरीर स्वीकार करते हुए मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी भेजा वही जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी

श्री कृष्ण को दिया शीश का दान- तो कहलाए शीश के दानी श्याम!

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के श्री श्याम गुणगान समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय श्री श्याम शरद महोत्सव के तृतीय दिवस में श्री श्याम कथा के यजमान द्वारा व्यास पीठ व कथा व्यास का पूजन किया। पूजन पश्चात श्याम रतन खाटू धाम राजस्थान निवासी श्री पप्पू जी शर्मा ने श्री श्याम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि बर्बरीक को देवी देवताओं से शक्ति प्राप्त के उपरांत महाभारत युद्ध की घोषणा होती है और बर्बरीक युद्ध में हिस्सा लेने की अभिलाषा रखते हुए अपनी मां से महाभारत युद्ध में जाने की अनुमति लेते हैं। माँ इस वचन के साथ अनुमति प्रदान करती हैं कि जो पक्ष हार रहा होगा अथवा हारेगा तुम उसकी तरफ से युद्ध करोगे। बर्बरीक कुरुक्षेत्र में पहुंचते हैं और भगवान श्री कृष्णा उन्हें देखकर कहते हैं कि तुम अभी बालक हो युद्ध करने क्यों आए हो, बर्बरीक अपने तीन वाणो को प्रदर्शित कर भगवान श्री कृष्ण से कहते हैं कि इस तीनों वाणों के माध्यम से मैं महाभारत के सारे योद्धाओं को एक क्षण में मार सकता हूँ। भगवान कृष्ण ससंकित होते हैं की कहीं बर्बरीक कौरव के पक्ष से युद्ध न कर ले। भगवान श्री कृष्ण बर्बरीक से कहते हैं कि तुम वीर हो, मगर दानी नहीं हो। यह बात सुनकर बर्बरीक भगवान श्री कृष्ण से कहते हैं कि आप ऐसा ना कहें, आप बताएँ मैं आपको क्या दान दे सकता हूँ भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि तुम मुझे शीश का दान दे दो। वीर बर्बरीक भगवान श्री कृष्ण को अपनी कटार से अपने शीश को काटकर शीश का दान देते हैं। भगवान श्री कृष्ण शीश के दान से अति प्रसन्न होकर शक्तियों को आदेशित करते हैं कि बर्बरीक के शीश को अमृत से संचित किया जाए और यह शीश सदैव अजर-अमर रहेगा। वही शीश राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू ग्राम में प्रकट हुआ जो लाखों करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र है और भक्तों की सभी मनोकामना उनकी चोखट पर पूर्ण होती है। जो श्री खाटू श्याम जी के नाम से जाना जाता है और उन्हें शीश का दानी भी कहा जाता है। श्री श्याम कथा के पूर्ण होने पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने श्री श्याम प्रभु की सामूहिक आरती की और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्री शंकर लाल खाटू वाला, डॉ आर0 ए0 अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, विकास केजरीवाल, पवन सिंघानिया, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, अतुल सराफ, संजय जी लक्ष्मीगंज श्री श्याम गुणगान समिति के समस्त सदस्य शहर व सुदूर क्षेत्र से आए श्री श्याम प्रेमियों ने कथा का श्रवण किया।

चौरी चौरा विधानसभा में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महिला सम्मेलन क्षेत्रीय महामंत्री अर्चना सिंह के निर्देशन में व जिला अध्यक्ष चंचला शुक्ला के अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मिडिया प्रभारी प्रिया कुमारी शुक्ला ने किया। सर्व प्रथम अतिथियों का परिचय के बाद स्वागत सम्मान किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि विजय लक्ष्मी गौतम राज्य मंत्री/ विधायक उत्तर प्रदेश सरकार का स्वागत माल्यार्पण करते हुए सम्मान किया गया है इसके बाद सभी महिलाओं के विभिन्न विकास संबंधी जानकारी दी गई जिसमें जन-धन खाता, प्रधानमंत्री आवास योजना, इज्जत घर , उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस , राशन, कार्ड, महिलाओं के सम्मान में किया गया। ऐसे तो 33% आरक्षण के लिए सभी बात किए लेकिन इसे पूरा मोदी जी ने किया इसलिए यहां इस, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

सभी महिलाओं का नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित होने के कारण महिलाओं द्वारा मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मोदी जी द्वारा बेटियों के लिए सुमंगला योजना, कन्या समृद्धि योजना , कोविड वेक्शीनेशन, मातृत्व लाभ योजना आदि किए गए व पत्रक भी बांटें गएं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता रहीं राज्य मंत्री / विधायक उत्तर प्रदेश सरकार श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम रहीं। जिला महिला प्रभारी जिला उपाध्यक्ष हरिकेश राम, क्षेत्रीय महामंत्री, अर्चना सिंह, जिलाअध्यक्ष महिला मोर्चा चंचला शुक्ला, जिला मिडिया प्रभारी प्रिया कुमारी शुक्ला, सरदार नगर ब्लोक प्रमुख शशि कला यादव, सरदार नगर ब्लोक की विडियो रुपम सिंह ब्लोक प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र यादव, सरदार नगर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा सूलोचना शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी सरदार नगर रूपम सिंह, विशुनपुरा मठियरा की मंडल अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा सरिता दूबे व अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

कविता अवस्थी बनी पिपरौली ब्लॉक की बीडीओ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली ब्लाक की नई बीडीओ कविता अवस्थी ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया ।उन्होंने ब्लॉक के सचिवों के साथ गावों में कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की ।सभी सचिवों को निर्देश दिया कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता के साथ लागू की जाएं ।गावों में चल रहे विकास कार्यों को समय से पूरा कराएं ।ग्रामीणों की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानकारी के लिए चौपाल में जानकारी दी जाए, साथ ही रोस्टर के अनुसार सचिव ग्राम सचिवालयों में ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान करें ।इस दौरान एडीओ संजय दूबे, देवब्रत सिंह, सचिव अजय जैसवाल, अजीत पासवान, प्रतिमा सिंह, समीर यादव सहित अन्य ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

शरद पूर्णिमा पर जागरण कर स्वयं को जागृत करें

चंद्र त्राटक ध्यान साधना से जीवन होगा सुखमय – योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं इस शरद पूर्णिमा पर ओम फिटनेस योग संस्थान द्वारा महंत दिग्विजय नाथ पार्क नौका विहार तारामंडल व विंध्यवासनी पार्क मोहदीपुर में निस्वार्थ सेवा भाव से पिछले एक वर्षो से योग सीखा रहें योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति जी ने सभी योग साधकों को शरद पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए चंद्र त्राटक ध्यान व नौका विहार तालाब किनारे गंगा आरती कराए और बताए कि इस दिन चंद्रमा 16 कलाओं से संपन्न होने के कारण आकाश से अमृत वर्षा होती है इसके अलावा इसी पूर्णिमा पर भगवान कृष्ण ने बज्र मंडल में गोपियों के साथ रासलीला की थी इसलिए इसे राज पूर्णिमा भी कहते हैं पौराणिक मानताओ के अनुसार इस दिन समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी प्रकट हुई थी इस दिन मां लक्ष्मी के पूजन करने से व्यक्ति के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है और सुख समृद्धि आती है। शरद पूर्णिमा की बधाई देते हुए योगाचार्य ने कहा कि इस दिन शरद पूर्णिमा की रात्रि में अधिक से अधिक समय निकालकर सभी को प्रातः काल से लक्ष्मी का पूजन करते हुए स्वयं को चंद्रमा के शीतल भारी रोशनी में बैठकर ध्यान साधना व मंत्र जाप करने चाहिए तथा उसकी रोशनी में हांडी पर खीर बनाकर सेवन करने से शरीर के विषाक्त पदार्थ कम होते हैं । इस दिन चंद्र पृथ्वी के अत्यंत निकट होने के कारण शीतल रश्मियों के किरणे सीधे शरीर पर पड़ने से शरीर के कई सारे गंभीर रोग जैसे बीपी , तनाव , घबराहट , माइग्रेन , सर दर्द , इनसोफीलिया , जुकाम , खांसी , नजला , साइनस , दमा , अस्थमा इत्यादि कफ संबंधित रोग दूर होकर मन शीतलता को प्राप्त होती है तथा आंखों की ज्योति बढ़ती है । इस कार्यक्रम दौरान महिला प्रभारी शोभा पांडेय , तरुणा चेतनानी , मुकेश साहनी , लूसी मौर्या , आभा सिंह , डॉ. नरेंद्र सिंह , सोनू मौर्या , रत्ना यादव , मंजू कुशवाहा , वीना पाण्डेय , नीता सिंह , सिंधु नायक , प्रमिला , तारा , किरन , दीपा गोयल , सरिता , मृदुला , रेनू , पूजा , दीप्ति , रागनी , पूनम , संगीता, संजीता इत्यादि सैकड़ों नारी व पुरुष शक्तियों ने मिलकर एक साथ संदेश दिए।

माफिया की दो सौ.95 की करोड़ों की बेनामी की संपत्ति को प्रशासन ने किया सीज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत कालेसर निवासी माफिया सुधीर सिंह पर प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। शनिवार को प्रशासन ने करीब माफिया सुधीर सिंह,, मृतक भाई स्व उदय वीर सिंह की गाटा संख्या 56, गाटा संख्या 56, गाटा संख्या 56, गाटा संख्या 267, गाटा संख्या 96 संपत्ति को सीज किया है। जिसकी कीमत 200.95 करोड़ रुपए से ऊपर की बताई जा रही है। आरोप है की अपराध के माध्यम से धन अर्जित कर अपने परिजनों के नाम से अवैध संपत्ति अर्जित किया गया। रविवार को तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया, नायब तसीलदार भान प्रताप सिंह, सीओ रत्नेश्वर सिंह, एसओ रतन कुमार पांडेय तथा भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुच कर जब्ती की करवाई किया है। माफिया सुधीर सिंह के ऊपर गीडा थाना 1, शाहपुर 19, कैंट 9, राजघाट 1 गुलहरिया 2, सहजनवा 2, विकास नगर लखनऊ 1, गाजीपुर लखनऊ श्यामदेऊरवा महराजगंज 1, पुरानी बस्ती में 1 विभिन्न विभिन्न अपराध के मुकदमे दर्ज है।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक कर रणनीति बनाई

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जनपद में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक गोरखपुर विश्वविद्यालय के सामने पंत पार्क में ब्लाक पदाधिकारी व जिला पदाधिकारी की बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश कुमार भारती के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 2 नवंबर 2023 को प्रदेश अध्यक्ष क्रान्ति सिंह के अवहान के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के द्वारा जनपद गोरखपुर में 2 नवंबर 2023 को पेंशन शंखनाद रैली के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रामसूरत यादव एवम् जिला कोषाध्यक्ष राममिलन पासवान अपने संबोधन में कहा 20 ब्लाक के ब्लाक अध्यक्ष अपने कर्मचारीयो के साथ 2 नवंबर 2023 को पेंशन शंखनाद रैली में भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला संरक्षक दिलीप कुमार गुप्ता, जिला संगठन मंत्री रामदुलारे यादव, जिला संप्रेक्षक उमेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयमंक मणि त्रिपाठी, मोलई प्रसाद, रामकुमार राव, परमेश्वर पासी, राजकुमार टीवी, धनवंतरी प्रसाद, सीमा गौतम, सरोज, राजकुमार प्रसाद, राजकिशोर, चंदन गुप्ता, महेश यादव, अरुण कुमार कौन्नोजिया, यादवेन्द्र कुमार, घनश्याम यादव, ब्लाक अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, पिंटू कुमार, सुनिल सिंह, रामदरश, रामप्रवेश, देवी प्रसाद, चन्द्रिका मौर्य, जयशंकर भारती, रामपति, रामजीवन, शिवेंद्र नाथ मिश्र, प्रमोद कुमार, विदेश्वर नाथ, सुरेश, राम प्रकाश, सरोज देवी, सीमा गौतम, लालमन यादव, जोगिंदर यादव, हरिओम यादव, रोहित पासवान, दिनेश कुमार, उमाशंकर यादव, चंदन अजय कुमार, विजय कुमार, राधेश्याम पासवान, सूर्यभान सिंह, राजू प्रसाद, बृजेश गौड़, सुनील कुमार, गोविंद पांडे, राजेश, राजकुमार, विनोद कुमार, इंद्रजीत भास्कर, सतीश चंद्र यादव, विजय कुमार, व अन्य लोग उपस्थित रहे।

आईटीएम में खादी एवं ग्रामोद्योग महोत्सव पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर मे सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा खादी महोत्सव माह के अंतर्गत एक जागरूकता और खादी से जुड़े विषयों पर एक वाद -विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर परिक्षेत्र के सहायक निदेशक एवं कार्यक्रम समन्यवक संजीव राणा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खादी एक वस्तु नही विचार हैं। इसका मूल उद्देश्य है देश के दूर-दराज गांव के लोगों को रोजगार मुहैया कराना, इससे हम स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद से लोगों को रोजगार से जोड़ते हैं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सुविधा, विपणन सुविधा उपलब्ध कराते हैं। इस वित्तीय वर्ष में कुम्हारी सशक्तिकरण, हनी मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत मत्स्य पालन, पोल्ट्री फार्म जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं. जिससे जुड़कर लोग आत्मनिर्भर और स्वरोजगार की ओर उन्मुख हो रहे हैं। आज के वर्तमान समय मे बढ़ते हुए तकनीकी का प्रयोग करके केवीआईसी के सहयोग से अपना स्टार्टअप शुरू करके उद्यमी बन सकते हैं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने मे महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ0 एन.के.सिंह ने कहा कि जब हम खादी ग्राम उद्योग से कोई सामान खरीदते हैं उसका सीधा लाभ किसान भाइयों को मिलता है। खादी के प्रति युवाओं का झुकाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, यह एक अच्छा संदेश है। हम जितना ज्यादा से ज्यादा घरेलू उत्पादों का उपयोग करेंगे हमारे देश के किसान भाई आत्मनिर्भर बनेंगे और साथ ही उन्होंने मुख्य वक्ता के प्रति आभार भी प्रकट किया कार्यक्रम के अंत मे केवीआईसी के द्वारा खादी के प्रयोग और उसको बढ़ावा देने के लिए संस्थान मे उपस्थित सभी लोगों को शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, संकायाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार चौधरी, संतोष शर्मा, अभिनव त्रिपाठी, अनुराग श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

थाना दिवस पर क्षेत्राधिकारी जनता से हुए रूबरू

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत कोतवाली परिसर में थाना दिवस आयोजित किया गया आयोजन में पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी बिंदकी सुशील कुमार दुबे एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय की मौजूदगी में जन समस्याएं सुनी गई प्रांगण अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के हसोलेखेड़ा गांव की एक वृद्ध महिला की शिकायत पहुंची जहां महिला के खेत से जुड़े खेत के मालिक शिवशंकर ने मेड काटकर खेत बना लिया वहीं दूसरी समस्या कोतवाली क्षेत्र के मिस्सी गांव की एक महिला की पहुंची जिसने ससुराली जनों द्वारा मारपीट की शिकायत की प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल मामलों की निष्पक्ष जांच करने का निर्देश दिया इसी प्रकार जनपद के चांदपुर थाना परिसर में थाना दिवस के आयोजन पर जाफरगंज क्षेत्राधिकारी परशुराम त्रिपाठी ने शिरकत प्रदान की थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव के नेतृत्व में आयोजित थाना दिवस पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक परशुराम त्रिपाठी ने ग्रामीण क्षेत्र वासियों के दुख दर्द को सुना वही मौके पर आम जनमानस ने आठ शिकायती पत्र लिखित रूप में प्रस्तुत किया जिसमें प्रशासनिक अधिकारी ने चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही करते हुए अन्य चार शिकायतों के लिए थाना अध्यक्ष एवं उप निरीक्षक को निष्पक्ष रूप जांच करते हुए न्याय देने के लिए निर्देशित किया इस मौके पर थाना दिवस में चौकी प्रभारी अमौली संदीप कुमार तिवारी वरिष्ठ उप निरीक्षक अवधेश सिंह आरक्षी गुल मोहम्मद शील कुमार महिला आरक्षी पुष्पलता यादव ममता मिश्रा प्रतिमा अग्निहोत्री समेत ग्रामीण किसान रणवीर सिंह राजेश कुमार राम शंकर बाबूराम पाल बैजनाथ सेवालाल पाल आदि भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे

विधायक ने दिव्यागों में उपकरण का वितरण किया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा में नपं के कस्बा स्थित एक मैरेज हाल में विकलांग , विधवा व वृद्धा पेंशन को लेकर सभा आयोजीत की गई। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहजनवा के विधायक माननीय प्रदीप शुक्ला व नगर पंचायत घघसर अध्यक्ष प्रभाकर दुबे रहें। दिव्यंगों की समस्याए सुनी। गई विधायक व चेयरमैन के हाथों दिव्यंगों को ट्राई साइकिल बैटरी चालित साइकिल, यू डी आई डी कार्ड , विकलांग प्रमाण पत्र रेल व बस पास दिया गया व वितरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक सिंह व ठरार्पार निवासी रामलखन मौर्य ने विधायक जी को अवगत कराये की दिव्यंगों का पेंशन 1000/ रु० प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000/ रु० प्रतिमाह किया जाय , हर विकलांग का अन्तोदय कार्ड हो , विकलंग की विधवाओ को हर संभव सरकारी सहायता प्राप्त हो , विधवा, वृद्धा पेंशन भी नियमित हो नए पेंशन के आवेदनों पर त्वरीत कार्यवाही हो , कार्यक्रम में समाज सेवी रामलखन मौर्या, राम आशीष , भाजपा कार्यकर्ता राम जनक मौर्या , शिवचरन प्रसाद , दुरुप गौड़ , विनोद पाण्डेय , राजेश त्रिपाठी , पू० ब्लाक प्रमुख कुवर सिंह , समाजसेवी पुरुषोत्तम चौबे , आशीष श्रीवास्तव अशोक सिंह , मगेश सिंह , सुधीर राय बांसगांव , मेघनाथ , पू० प्रधान कृष्ण कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

बिजली चेकिंग अभियान की टीम के साथ हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। स्थानीय कस्बे में शनिवार को दोपहर बाद बिजली चोरी की सूचना मिलने पर उपखंडीय अधिकारी अंशुल कुमार शर्मा के नेतृत्व में गए अवर अभियंता विजय कुमार गौतम 33/11 केवी दर्ज दुगार्गंज , प्रमोद कुमार टीजीझ2 , निविदा कर्मी ऋतिक कुमार , नारायण , धनंजय , रामकिशोर , शिवसागर सहित पूरी टीम ने कस्बे स्थित गड़वा निवासी विद्युत उपभोक्ता संतोष कुमार पुत्र स्व0 रामबली का कनेक्शन चेक किया , जिसमें परिसर में मीटर से पहले केबिल कटकर विद्युत चोरी पाई गई , इन्हीं के पड़ोस में शिवकुमार पटेल की केबल चेक करने के लिए कहा गया तो उपभोक्ता ने गाली गलौज किया ईंट पत्थर चलाए तथा तीन लोगों ने आकर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी सभी को प्राण बचाकर भागना पड़ा किंतु इसी बीच निविदा कर्मी हमलावरों के बीच फंस गए जिनकी जमकर पिटाई हुई ।उपरोक्त आरोपों के साथ एसडीओ अंशुल कुमार शर्मा ने थाने में एफआईआर हेतु लिखित तहरीर दी है चार बजे तक थाने में बकेवर , बिन्दकी रोड चौडगरा , देवमई ,बिन्दकी आदि विद्युत उपग्रहों से अधिकारी व कर्मचारी आ गए फतेहपुर से अधिशाषी अभियन्ता भी आए , जिनका कहना था कि यदि एफआईआर दर्ज न की गई तो यहीं थाना परिसर में धरना दिया जाएगा। ज्ञात हो कि तहरीर के साथ मारपीट का वीडियो भी संलग्न दशार्या गया है जबकि अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है।

खास समाचार

राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ी रवाना

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के यूपी अंडर-17 वर्ग के टीम में हर्षित का हुआ चयन ।गाजीपुर के सुहवल ब्लाक क्षेत्र में युवराजपुर निवासी हर्षित यादव का चयन पांच दिवसीय स्कूली राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए यूपी के अंडर-17 वर्ग के टीम में हुआ है। जम्मू कश्मीर में 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक होने वाले कॉम्पिटिशन के लिए चयनित खिलाड़ी रवाना हो गया। इसकी जानकारी परिजनों सहित जिले के खिलाड़ियों को होते ही लोगों में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया ।मालूम हो कि इस चैम्पियनशिप में देशभर के सभी प्रदेशों की वाली बाल के खिलाड़ी अपनी कला का प्रयोग किया जाता है जो कि देखने वाले को अपने तरफ कर लेना खिलाड़ी कर लेते हैं ।

गाजीपुर जिले के हर समाज की सेवा के लिए अग्रणी पंक्ति में खड़ा मिलूंगा- राजकुमार पांडेय

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के करण्डा ब्लाक के गांव के नवयुवक रामलीला समिति ब्राह्मणपुरा द्वारा गुरुवार के दिन भरत मिलाप नामक लीला का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि समाजवादी नेता व पूर्वांचल युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार पांडेय रहे। करंडा ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा ब्राह्मणपुरा में रामलीला मंचन की वर्षों पुरानी परंपरा है ।इसके जनक पंडित श्रीकांत मास्टर थे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति के अध्यक्ष नीलेश दुबे की देखरेख में लीला मंचन शुरू हुआ। पदाधिकारियों, कार्यकताओं व ग्रामीणों के सहयोग से सकुशल लीला संपन्न हुई। विजयादशमी के उपरांत भव्य भरत मिलाप के आयोजन की परंपरा रही है ।उसी के अनुरूप इस वर्ष भी भरत मिलाप कार्यक्रम आयोजित किया गया। राम की झांकी रामलक्ष्मण जानकी मंदिर से चली और भरत की झांकी तिवारीपुर के काली माता मंदिर से आई। राज्याभिषेक के अवसर पर भोले नाथ का गणों के साथ आगमन काफी आकर्षक रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार पांडेय ने राम के आदर्श को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। स्वागत कार्यक्रम से गदगद श्री पांडेय ने कहा कि रामलीला समिति और समाज की सेवा के लिए अग्रणी पंक्ति में खड़ा मिलूंगा। उनका कहना था कि मैं नेता नही अपितु बेटा हूं। इस मौके पर शशिकांत दुबे, सुरेश लाल श्रीवास्तव, आनंद दुबे, बृजेश मिश्रा, रविकांत दुबे, चंद्रलेश दुबे, संजय वर्मा, सवार्नंद दुबे, मनमेंद्र दुबे, नीतीश दुबे, प्रधान वंशी राम, छत्रपति दुबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेद प्रकाश तिवारी व संचालन सतीश दुबे ने किया।

रोटाबेटर की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। गरौठा गुरसरांय के ग्राम बछेह निवासी सतेंद्र खंगार उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र शिवदयाल खंगार की खेत पर रोटावेटर में फंसने से मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि सत्येंद्र को ग्राम बछेह निवासी रामकुमार घोष व वीरेन्द्र घोष कल ट्रैक्टर चलाने के लिए घर से बुलाकर ले गए थे ।परिजनों द्वारा अपने पुत्र को रात्रि में फोन किया गया तो फोन संपर्क नहीं हुआ। शनिवार की सुबह गांव के लोगों ने सूचना दी की खेत पर सत्येंद्र की रोटावेटर में फंसकर मौत हो गई है। घटना की जानकारी होने पर परिवार में मातम छा गया। परिजनों द्वारा घटना की सूचना गुरसरांय थाना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची गुरसराय थाना पुलिस द्वारा शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बाल्मिकी जयंती पर चेयरमैन मीरा यादव ने सफाई नायको का किया सम्मान

चुर्क। बाल्मिकी जयंती पर नगर पंचायत चुर्क घुर्मा के वार्ड नं०5 शिव मंदिर के प्रांगण में नगर पंचायत चुर्क घुर्मा द्वारा सुंदरकांड व सफाई नायको को मिठाई खिलाकर मालयार्पण कर एवं अंगवस्त्र देकर चेयरमैन मीरा यादव ने किया सम्मानित सभी लोगों के बीज सुंदरकांड का आयोजन किया गया तथा उपस्थित सफाई नायको से चेयरमैन ने कहा कि हमारे सफाई नायक बड़ी मेहनत से हमारे नगर को साफ सुथरा रखते है नगर को खूबसूरत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब नगर के नागरिक अपने घरों में आराम कर रहे होते हैं तो हमारे सफाई कर्मी सुबह 4 बजे से उठकर आपके आसपास के वातावरण एवं परिवेश को साफ सुथरा बनाने में लग जाते हैं और आपको एक सुखद व स्वच्छ माहौल प्रदान करते हैं। उनका कार्य समाज की सर्वश्रेष्ठ सेवा में से एक है। आगे कहा की मुझे उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि आगे आने वाले समय में सफाई मित्रों के परिश्रम से अपना नगर सबसे स्वच्छ नगर बनेगा उन्होंने नगरवासियों को परम पूज्य महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज, वार्ड नंबर 5 सभासद प्रतिनिधि गौरव सिंह, वार्ड नं०1 के सभासद सूरज चंद्रवंशी, वार्ड नं०6 के सभासद अजय सिंह, वार्ड नं०4 के सभासद अंशु खत्री (हिमांशु), वार्ड नं०10 के सभासद आरती देवी, सफाई सुपरवाइजर शीतला प्रसाद इत्यादि लोग मौजूद रहे

बजाज मोटर्स मिश्रा ऐजेंसी मे संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक

- पाट्र्स के गोदाम मे आग लगी
- आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका
- चार फायर ब्रिगेड के वाहनों ने आग पर काबू पाया
- शार्ट सर्किट आग लगने के चचाओं का विषय
- सुचना पर शक्तिनगर, बीना व डायर 112 पुलिस राहत कार्य मे जुटी
- 3 दमकल वाहनों व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पाया गया काबू

अमन लेखनी समाचार

शक्तिनगर/सोनभद्र, सोनभद्र में शक्तिनगर थाना क्षेत्र के खडिया बाजार स्थित बजाज मिश्रा ऐजेंसी मे शुक्रवार रात करीब 7:30 बजे करीब बंद बजाज मिश्रा मोटर्स ऐजेंसी मे संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लग गई ।आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया लोगों की मदद से ऐजेंसी के तकरीबन 3 वाहनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया ।3 वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की बात मालिक पुत्र रोहित मिश्रा ने बताया साथ ही करीब 5/6 लाख रुपये के पाट्र्स के नुकसान का अंदेशा जताया है। अभी पुरी तरह से कितने का नुकसान हुआ है पुष्टि नहीं हो सकी है। शुक्रवार रात खडिया बाजार स्थित बजाज मिश्रा मोटर्स सर्विस ऐजेंसी मे संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लग गई। सूचना पर पहुची शक्तिनगर, बीना व डायल 112 पुलिस व स्थानीय लोग आग पर काबू पाने व सामान सुरक्षित करने मे जुट गये।हालांकि आग लगने से जान-माल के नुकसान की खबर अभी तक सामने नहीं आई है। सूचना के आधे घंटे बाद एनसीएल खडिया, एनटीपीसी सिंगरौली व एनसीएल बीना व जयंत की फायर टीम आग बुझाने मे जुट गई। घंटों बाद आग पर काबू पा लिया गया इस दौरान शक्तिनगर- वाराणसी राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर वाहन सुस्त रफ्तार से चलते रहे। वही बजाज मिश्रा मोटर्स के रोहित मिश्रा ने बताया हर दिन की तरह शाम को ऐजेंसी बंद करने के बाद सभी वर्कर सहित वो शक्ति नगर गये थे। भाई ने फोनकर बताया ऐजेंसी से धुंआ की लपटें उठ रही है। भागकर सभी आकर देखे तो अंदर से धुंआ ऊठ रहा है, जहां स्पेयर पाट्र्स रखे थे वहां आग की लपटें उठ रही थी। लाखों के पाट्र्स व तीन मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त होने का अंदेशा है। कैसे आग लगी नहीं मालूम।

थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन मे मादक पदार्थों के विक्री एवं विक्री करने वाले तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 28.10.2023 को थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त सोनू चन्द्रवंशी पुत्र शीतल राम निवासी ग्राम जमशीला थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 23 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-154/2023 धारा 8/20 ठऊढर अू३ का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

मोपेड से मवेशी टकराया पत्नी की मौत, पति घायल

अमन लेखनी समाचार

म्योरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर रासपहरी गांव के समीप शनिवार की शाम मोपेड सवार दंपती से मवेशी आकर टकरा गया ।हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति घायल हो गया जिसका इलाज सीएचसी म्योरपुर में चल रहा है ।मिली जानकारी के अनुसार म्योरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रासपहरी गांव में मोपेड सवार दंपती से एक मवेशी आकर टकरा गया ।हादसे में युनुस कुरैशी (75) पुत्र स्व० युशुफ निवासी रेनुकूट तथा उनकी पत्नी रईशा बानो (65) घायल हो गए ।सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने घायलों को सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया जहां चिकित्सक डा० पल्लवी ने रईशा बानों को मृत लाया घोषित कर दिया। बताया गया कि बुजुर्ग दंपति मोपेड वाहन से रेनुकूट से बभनी जा रहे थे कि रासपहरी गांव में अचानक उनके वाहन से एक मवेशी आकर टकरा गया जिससे सड़क पर गिरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक महिला के सिर में गंभीर चोटें आई थीं ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया।

गाजीपुर जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष 3 नवंबर को खो-खो और भारोत्तोलन खेल का होगा आयोजन

गाजीपुर जिले में जिला क्रीडा अधिकारी अरविन्द यादव ने बताया है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर जनपद स्तरीय खो-खो, भारोलन एवं हॉकी एवं एथलेटिक्स का आयोजन गाजीपुर जनपद में प्रस्तावित है, जिसके क्रम में दिनांक 03-11-2023 को जूनियर वर्ग बालको की खो-खो एवं भारोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता प्रातः 09:00 बजे प्रारम्भ होगी, प्रतिभाग करने वाली टीम समय से उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगी। प्रतियोगिता में विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को नगद धनराशि के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही सभी खिलाड़ी अपना आधार कार्ड अथवा आयु प्रमाण-पत्र एवं साथ ही अपनी बैक पासबुक की छाया प्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा, विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

अलग-अलग दुर्घनाओं में एक की मौत, सात घायल

- बीजपुर से आ रही बस सेंदूर मोंड के पास बस ने मारा धक्का एक की मौत, तीन घायल
- घायलों में आर्यावर्त बैंक के शाखा प्रबन्धक भी सामिल
- रेनुकूट से अम्बिकापुर की ओर जा रही ट्रक ने आटो में मारी टक्कर पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

बभनी। बीजपुर से रेनुकूट की ओर तेज रफ्तार से जा रही नीजी बस ने सेंदूर मोंड के पास धक्का मार दिया जिससे एक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीआरबी की पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया है। वहीं रेनुकूट के तरफ से अम्बिकापुर की ओर जा रही ट्रक ने कोल डिपो के पास रेनुकूट की ओर जा रही आटो को धक्का मार दिया जिससे आटो में सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एडिशन पीएचसी सतबहनी में भर्ती कराया गया। वहीं मृतक के शव को दुद्धी मर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीजपुर से रेनुकूट की तरफ तेज रफ्तार से जा रही एक नीजी बस सेंदूर मोंड के पास धक्का मार दिया। धक्का इतना तेज था कि तीरथ 23 पुत्र रामा निवासी नेमना थाना बीजपुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग सोहन लाल 25 पुत्र बृज कुमार निवासी सेंदूर, राहुल 24 पुत्र चतर्गुन बैगा निवासी सेंदूर ,आर्यावर्त बैंक जरहा के शाखा प्रबंधक पुष्कर मिश्रा 30 वर्ष घायल हो गए। सभी घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया। वहीं दूसरी तरफ रेनुकूट की ओर से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने कोल डिपो के पास आटो को धक्का मार दिया जिससे आटो में सवार पांच लोग शारुख 26 पुत्र चांद साबरी निवासी बरेली, मोहम्मद नुरैन 21 पुत्र असलम निवासी बरेली, सुभान नियाजी 28 पुत्र यामिन निवासी रामपुर, शाहफैज 24 पुत्र यासिन निवासी रामपुर तथा मोहम्मद उस्मान 40 पुत्र कल्लू निवासी रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एडिशन पीएचसी सतबहनी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

- ग्रामीण पत्रकारों ने मनाया दशहरा मिलन समारोह

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। अक्टूबर शनिवार को ग्रामीण पत्रकारों का दशहरा मिलन समारोह गुरसराय के एक गार्डन में भव्यता के साथ मनाया गया ।जिसमें गुरसराय, गरौठा नगर इकाई के सभी पदाधिकारी और पत्रकार गण मौजूद रहे ।कार्यक्रम के संयोजक दीपक जैन नगर अध्यक्ष गुरसराय के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर रामकुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में पत्रकारों ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना उपरांत एक दूसरे को तिलक लगाकर एवं पान खिलाकर दशहरा की शुभकामनाएं दी ।इस दौरान वक्ताओं ने कहा की भगवान श्रीराम आदर्श मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में पूरे विश्व में ऐसा उदाहरण है जिनका हर किरदार मानव जीवन की नैया पार लगाता है, और मानव धर्म में जात-पात का कोई भी स्थान, महत्व नहीं है जिसके चलते प्रेम भाव से शबरी ने भगवान श्रीराम को जंगल में जूठे बेर प्रेम बस की कोई खट्टे बेर भगवान श्री राम के पास न पहुंच जाए और प्रत्येक बैर चखकर दिया था, और भगवान श्री राम ने प्रेम से उसे खाया था। इसी प्रकार भरत जैसे भाई को जब उन्होंने सिंहासन राज करने के लिए आदेशित किया तो उन्होंने राजपाठ स्वीकार नहीं किया था। भगवान श्री राम की खड़ाऊ सिंहासन पर रखकर पूजा कर व्यवस्था देखी थी ।इसी प्रकार समाज के हर व्यक्ति के लिए श्रीराम जी का जीवन आदर्श मयार्दा पर जीने की कला सिखाता है इस रास्ते पर चलने के लिए दशहरा जैसे महापर्व पर सभी को संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की गुरसराय इकाई का भी विस्तार किया गया जिसमें कोषाध्यक्ष सार्थक नायक, उपाध्यक्ष बलराम पटेल व राजा खान, महामंत्री शौकीन खान को नियुक्ति पत्र दिये गए। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिले के पदाधिकारी अखिलेश तिवारी, राजकुमार मिश्रा, सुनील जैन, संदीप श्रीवास्तव, राजीव परमार, प्रदीप शर्मा, अरविंद परिहार, हेमंत यादव तहसील के अध्यक्ष राजेंद्र बुंदेला, सोम मिश्रा, आयुष त्रिपाठी, कल्लू वर्मा, हरिशचंद्र नायक, राजेश कुमार, अशोक राजपूत, आदि लोग मौजूद रहे। अंत में आभार व्यक्त दीपक जैन ने किया।

भूमि संरक्षण विभाग के प्राविधिक सहायक मामले में पुलिस ने मुकदमा किया पंजीकृत

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र - बिते गुरूवार की देर शाम भूमि संरक्षण विभाग के एक कर्मचारी द्वारा अपने अधिकारी के कार्य प्रणाली से परेशान होकर सुसाइड का प्रयास किए जाने के मामले में शनिवार को पीड़ित के तहरीर पर चोपन थाने में भूमि संरक्षण विभाग के आरोपी अधिकारी बलजीत बहादुर वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। बताते चलें कि बिते गुरूवार की देर शाम चोपन भूमि संरक्षण विभाग में कार्यरत मनीष पाल द्वारा लिखा हुआ सुसाइड नोट जैसे ही वायरल हुआ तो जिले में हड़कंप मच गया उधर पीड़ित कर्मचारी के साथी तत्काल मामले की लिखित सुचना जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को देते हुए सामुहिक रूप से आरोपी अधिकारी के बारे में बताया कि किस तरह उनके द्वारा सभी कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है जिससे सभी कर्मचारी बेहद परेशान हैं उसी का देन है कि आज एक कर्मचारी सुसाइड नोट लिख कर आत्महत्या करने जा रहा था। शनिवार को उपरोक्त मामले में पुलिस ने आरोपी भूमि संरक्षण अधिकारी के खिलाफ पीड़ित के तहरीर पर धारा 504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई इस बाबत प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक जांच पड़ताल जारी है।

महिला की ट्रेन से कटकर मौत

गाजीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के सिधौना स्थित रेलवे क्रासिंग पार करते समय शुक्रवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शादियाबाद थाना क्षेत्र की नगीना देवी (55) पुत्री रेहाना के घर अमेहता गांव आई हुई थीं। पुत्री की तबियत पिछले एक सप्ताह से खराब चल रही थीं, जिसे देखने के लिए उसके घर पहुंची थीं। वह किसी कार्य से सिधौना बाजार गई और रेलवे लाइन क्रॉस कर रही थी। इसी दौरान औड़िहार के तरफ वाराणसी की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों के रोने- बिलखने से चीख-पुकार मच गई। थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओ को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी/ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन विधान सभा क्षेत्र दुद्धी के ब्लाक परिसर में शनिवार को आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राम शकल जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद क्षेत्रीय विधायक रामदुलार आदि ने भारत माता ,पंडित दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया ।कार्यक्रम के दौरान शासन स्तर से चलाई जा रही महिलाओ की योजनाओं पर विस्तार पर चर्चा की गई जिसमे मुख्यरूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत मिले 33 फीसदी आरक्षण पर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने किया ।इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नंद लाल गुप्ता ने महिलाओ को जागरूकता के बाबत सोराव में आयोजित अनुचित जाति एव जनजाति मोर्चा के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा। साथ ही कार्यकताओं को मतदाता सूची में नाम बढ़ाने पर जोर देने को कहा। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद राम शकल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में परिवारवाद एक ताकत है जहा महिलाए परिवार जोड़ने का काम करती है एसी नारी शक्तियों के सम्मान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने 23 सितम्बर को नारी शक्ति वंदन अधियम पास कर लागू किया जिससे महिलाओ की भागीदारी लोक सभा व राज्यसभा में बड़ेगी ।यह बिल आने वाले वर्षो में महिलाओ के लिए वरदान साबित होगी ।बेटियो को पढ़ाए और उन्हे अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करे ।क्षेत्रीय विधायक राम दुलार ने कहा कि महिलाए अपने हक अधिकार को जाने भाजपा नारी सशक्तिकरण का बढ़ावा दिया और महिलाए घर से बाहर निकला शुरू कर दी वर्तमान समय में सैकड़ों महिलाए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जीविकोपार्जन का कार्य कर रही है। जिला कार्यक्रम संयोजक रूबी प्रसाद ने कहा कि नारी शक्ति बंदन अधिनियम के तहत विधान सभा व लोकसभा में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओ को प्रधानमंत्री ने दिया ।महिलाओ को उज्ज्वला योजना आवास योजना घरौनी सभी महिलाओ के नाम से दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शारदा प्रसाद ने किया ।इस दौरान ब्लाक प्रमुख रंजना चौधरी , मीरा सिंह गोड रूपा गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य राजन चौधरी, जीत सिंह खरवार ,मनोज सिंह ,मोहन लाल खरवार सोना बच्चा अग्रहरि सोना बच्चा अग्रहरि सहित सैकड़ों संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

क्रय विक्रय अध्यक्ष को जिलाध्यक्ष ने किया सम्मानित

दुद्धी/सहकारिता समिति के क्रय विक्रय अध्यक्ष अध्यक्ष आशीष तिवारी को निर्वाचित होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया।

जनपद के समस्त थानों पर आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस

- अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा थाना चोपन पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

थाना समाधान दिवस पर जनपद में प्राप्त कुल 92 प्रार्थना पत्रों में से कुल 26 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वारा गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश आज दिनांक-28.10.2023 को जनपद के समस्त थानों पर ₹थाना समाधान दिवस₹ का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा थाना चोपन पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने- अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया। जनपद में प्राप्त कुल 92 प्रार्थना पत्रों में से कुल 26 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया जबकि शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बंध में आवश्यकतानुसार कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारण किया जायेगा।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

आर माधवन ने साझा किया 'रॉकेट्री' से बीटीएस वीडियो

मुंबई। बीते वर्ष अभिनेता आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' आई थी। वैज्ञानिक नंबी नारायणन की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म का निर्देशन खुद माधवन ने किया था। हाल ही में उन्होंने अपनी इस फिल्म से एक बिहाइंड द सीन वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें वह 'रॉकेट्री' के सेट पर निर्देश देते नजर आ रहे हैं। यह बीटीएस वीडियो काफी मजेदार है। माधवन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से यह वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'जब आप इसे थोड़ा वास्तविक बनाने की कोशिश करते हैं। 'रॉकेट्री द फिल्म।' वीडियो में आर. माधवन एक्शन की कमांड देते नजर आ रहे हैं, फिर अचानक से चिल्लाते हैं, 'हे साइलेंट।'

लाइफ Style

कृति सेनन

साड़ी में 'परम सुंदरी' का संस्कारी अवतार

बी-टाउन की मशहूर अभिनेत्री कृति सेनन अपनी फिल्मों के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी-जाती हैं। यूं तो एक्ट्रेस के बोल्ड लुक्स हमेशा सुर्खियां बटोरते हैं, लेकिन एथनिक लुक में उनकी सुंदरता चार गुना ज्यादा बढ़ जाती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में, कृति ने अपने संस्कारी अवतार से फैंस को इंप्रेस कर दिया है। दरअसल, कृति सेनन शुक्रवार को मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट पर साड़ी पहने स्पॉट हुईं। मुंबई से निकलने से पहले कृति ने इसी लुक में फोटोशूट कराया, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर आग की तरह फैल रही हैं। कृति सेनन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। फोटोज में एक्ट्रेस अलग-अलग पोज में फोटोज क्लिक कराती दिखाई दे रही हैं।

फोटोज में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की साड़ी पहनी है, जिस पर रेड बॉर्डर और फूल का प्रिंट बना हुआ है। एक्ट्रेस ने इसे सेमी स्लीव्स ब्लाउज के साथ स्टाइल किया है। कृति सेनन ने अपने लुक को ट्रेडिशनल रखा है। उन्होंने गोल्ड ज्वेलरी के साथ सोने के कंगन पहने हैं। सॉफ्ट कर्ल ओपन हेयर और न्यूड मेकअप के साथ कृति के माथे पर लगी लाल बिंदी थी, जो उनकी खूबसूरती में चार-चांद लगा रही थी। फोटोज शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'मैं साड़ी गर्ल हूं।' कृति सेनन की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस का ये संस्कारी लुक फैंस को बहुत ज्यादा पसंद आ रहा है। कोई उन्हें परम सुंदरी कह रहा है तो कोई उन्हें खूबसूरती की तारीफ कर रहा है।

हॉलीवुड मसाला

नहीं हुआ है ब्रेकअप

लॉस एंजिलिस। 'स्कारफेस' फेम एक्टर अल पचीनो और उनकी गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह लगातार अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में है। बीच में चर्चा थी कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। अब इन खबरों को अल पचीनो ने खारिज कर दिया है। दोनों लॉस एंजेलिस में डेट पर गए थे। इस दौरान उनका ये रिएक्शन सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार, 83 साल के अल पचीनो को 29 साल की गर्लफ्रेंड नूर के साथ पेस इटालियन रेस्टोरेंट में देखा गया था। दोनों डिनर डेट को एन्जॉय करते नजर आए थे।



'मिशनः इम्पॉसिबल ... के लिए करना होगा इंतजार

लॉस एंजिलिस। टॉम क्रूज और 'मिशनः इम्पॉसिबल' फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए एक बुरी खबर है। इसी साल जून, 2023 में रिलीज 'मिशनः इम्पॉसिबल - डेड रेकनिंग, पार्ट-1' ने इसके सेकेंड पार्ट के लिए एक्साइटमेंट बढ़ा दी है, वहीं अब पार्ट-2 की रिलीज के लिए लंबा इंतजार करना होगा। फिल्म का दूसरा पार्ट पहले 28 जून, 2024 को रिलीज होना था। लेकिन ताजा जानकारी ये है कि पैरामाउंट पिक्चर्स ने अब इसके प्रीमियर को एक साल आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अब यह फिल्म 23 मई, 2025 को रिलीज होगी। क्रिस्टोफर मैकक्वेरी के डायरेक्शन में बनी 'मिशनः इम्पॉसिबल - डेड रेकनिंग, पार्ट-1' ने बॉक्स ऑफिस जबरदस्त सफलता हासिल की है। करीब 2416 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 4713 करोड़ रुपये से अधकि का कारोबार किया। यह 2023 में हॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से है।

एक्शन करते वक्त टॉवेल को संभाले रखा

मुंबई। कटरीना कैफ और सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 चर्चा में बनी हुई है। फिल्म कुछ दिनों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में टाइगर 3 का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें सबसे ज्यादा ध्यान कटरीना कैफ के टॉवेल फाइट सीन ने खींचा था। टाइगर 3 में कटरीना कैफ जिस एक्ट्रेस के साथ लड़ते हुए नजर आई थीं, उनका नाम मिशेल ली है, जो ज्यादातर हॉलीवुड स्टार्स के साथ काम करती है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने टॉवेल सीन शूट करने के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। मिशेल ली यूं तो एक्शन सीन शूट करने में एक्सर्ट हैं, लेकिन टाइगर 3 के टॉवेल सीन ने उन्हें कुछ चैलेंज दे दिए थे। उन्होंने बताया कि इस सीन की सबसे चुनौती ये थी कि एक्शन करते वक्त टॉवेल को संभाले रखना था कि कहीं वो गिर न जाए।



कार्तिक पहुंचे दगड़ूशेठ हलवाई गणेश मंदिर

मुंबई। बॉलीवुड के फेमस अभिनेताओं में से एक कार्तिक आर्यन ने अपनी जबरदस्त एक्टिंग से फैंस के दिलों में एक अलग जगह बनाई है। 'भूल भुलैया 2', 'सत्य प्रेम की कथा' जैसी कई फिल्में करने के बाद अब एक्टर जल्द ही 'चंदू चैंपियन' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। ऐसे में एक्टर ने बीते दिन यानी 26 अक्टूबर को पुणे के एक गणेश मंदिर में जाकर भगवान का आशीर्वाद लिया। बता दें कि एक्टर कार्तिक आर्यन हाल ही में पुणे के दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर पहुंचे थे। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर देखने को मिली। फोटो में देखा जा सकता है कि एक्टर पिंक कलर की शर्ट पहने गणेश जी की पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने हाथ में नारियल ले रखा है और भगवान की मूर्ति के आगे खड़े होकर उनकी अराधना करते दिख रहे हैं।

टीवी मसाला

अंकिता की बेइज्जती करने पर ट्रोल हुए विक्की

मुंबई। सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' के घर में मोस्ट फेवरेट कपल अंकिता लोखंडे और विक्की जैन की एंट्री हुई। दोनों के घर में आने की चर्चा से ही लोग दोनों की रियल लाइफ केमिस्ट्री देखने के लिए बेताब थे, लेकिन शो में आने के बाद से ही उनके बीच सिर्फ झगड़ा हो रहा है। बीते एपिसोड में भी विक्की जैन ने अंकिता लोखंडे पर गुस्सा निकाला, जिसके बाद बिजनेसमैन को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, हुआ यूं कि बीते एपिसोड में अंकिता लोखंडे ने अभिषेक कुमार को देखकर मुंह बनाया, जिससे विक्की जैन काफी नाराज हो गए। वह उन पर भड़कने लगे। विक्की ने कहा, तू ऐसे मुंह क्यों बनाती है। तेको क्या लगता तू कूल है। अंकिता ने कहा कि वह ऐसी ही हैं। मुंह बनाने पर अंकिता ने कहा कि ये उनकी आदत है तो विक्की ने इसे घटिया बताया। इसके बाद विक्की जैन वहां से उठकर अंकिता को ऐसी बात कह दी, जिसके चलते वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए। विक्की ने कहा, "तेरे से क्या मांगा है। जिंदगी में तू मुझे कुछ दे तो पाई नहीं, पीस ऑफ माइंड दिया कर मुझे।"

ईशा मालवीय के रूमर्ड बीएफ की एंट्री से अभिषेक की उड़ेगी नींद

मुंबई। कंट्रोवर्शियल शो 'बिग बॉस 17' के घर में पहले से ही माहौल काफी गरम है। इस बीच शो में तड़का लगाने दो वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स की एंट्री होने जा रही है, जिनके आने से बीबी हाउस में पहले से ज्यादा उथल-पुथल देखने को मिलेगी। एक कंटेस्टेंट अपने ग्लैमर का तड़का लगाएंगी तो दूसरा रोमांस से अभिषेक कुमार के दिल में आग लगाएंगे। जानिए ये कौन हैं। 'बिग बॉस 17' के घर में दो कंटेस्टेंट्स की वाइल्ड कार्ड एंट्री होने जा रही है, जिनके नाम समर्थ जुरेल और मनस्वी ममगई हैं। मनस्वी पूर्व मिस इंडिया रह चुकी हैं, जबकि समर्थ एक एक्टर हैं, जो ईशा मालवीय के साथ शो 'उड़ारियां' में नजर आए थे। बीबी हाउस में एक्स कपल ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार के बीच आए दिन लव-हेट एंगल देखा जाता है। अब ईशा के रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल की भी एंट्री होने जा रही है, जो घर में कई नए ट्विस्ट लेकर आएगी। खबरें हैं कि ईशा और समर्थ डेटिंग कर रहे हैं। लेटेस्ट प्रोमो में समर्थ ईशा के बारे में अपने जज्बात बयां करते हुए भी नजर आए।

वर्ल्डवाइड चमका 'लियो' का सिक्का

मुंबई। साउथ सिनेमा के फेमस फिल्ममेकर लोकेश कनगराज की फिल्म 'लियो' की चर्चा इस समय हर तरफ चल रही है। सुपरस्टार थलपति विजय स्टारर 'लियो' ने रिलीज के पहले सप्ताह में धमाकेदार कलेक्शन कर हर किसी को हैरान कर दिया है। भारत से लेकर विदेशों तक तमिल मूवी 'लियो' को ऑडियंस की तरफ से जबरजदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है, जिसके चलते इस फिल्म की कमाई हर दिन तेजी से आगे बढ़ रही है। इस बीच 'लियो' के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के लेटेस्ट आंकड़े सामने आए हैं। गौर करें 'लियो' के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक थलपति विजय और तृषा कृष्णन की 'लियो' ने दुनियाभर में 468 करोड़ की बंपर कमाई कर डाली है। मौजूदा समय में देखा जाए तो 'लियो' के आस-पास कोई फिल्म नजर नहीं आ रही है। इस कलेक्शन की साथ ही 'लियो' ने 500 करोड़ के क्लब की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं।

जवान की सफलता के बाद नयनतारा ने बढ़ाई फीस

मुंबई। कमल हासन की आगामी फिल्म केएच 234 इस समय लगातार सुर्खियां बटोर रही है। लंबे समय के बाद वह इस फिल्म में मणिरत्नम के साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया जा रहा है कि इसकी कास्टिंग लगभग पूरी होने के करीब है। साथ ही, यह बात भी सामने आई है कि लेडी सुपरस्टार नयनतारा के साथ फिलहाल अंतिम दौर की बातचीत चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर सौदा पक्का हो जाता है तो अभिनेत्री को इसके लिए पारिश्रमिक के रूप में 12 करोड़ रुपए मिलने की संभावना है। बता दें कि नयनतारा दो दशकों से अधिक समय से दक्षिणी भारतीय सिनेमा में लीडिंग लेडी के रूप में काम कर रही हैं। आखिरी बार उन्होंने जवान और इराइवन के लिए अपनी फीस में इजाफा किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो पहले यह रोल सामंथा, साई पल्लवी और तृषा कृष्णन में से किसी के पास जाता दिख रहा था, लेकिन अब यह फिल्म नयनतारा की झोली में जाती दिख रही है। अभिनेत्री को उनकी 2022 की फिल्म कनेक्ट के लिए आठ करोड़ मिल मिले थे। जवान को साइन करने पर नयनतारा ने दक्षिण में सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्री बनकर इतिहास रच दिया। शाहरुख खान स्टारर जवान की सफलता के बाद नयनतारा की लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है।



'टाइगर 3' की विदेश में बंपर एडवांस बुकिंग

मुंबई। टाइगर, टाइगर टाइगर। जब से सलमान खान और कटरीना कैफ की फिल्म 'टाइगर 3' का ट्रेलर आया है, हर किसी की जुबान पर यही लाइन है। वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। भारतीय जासूस टाइगर और पाकिस्तानी एजेंट जोया की प्रेम कहानी में इस बार दम भर एक्शन है। दिवाली के मौके पर 12 नवंबर को रिलीज हो रही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है। ऐसा इसलिए कि भारत में जहां रिलीज से एक हफ्ते पहले एडवांस बुकिंग की शुरुआत होगी, वहीं ब्रिटेन में प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है और वहां यह फिल्म को लेकर क्रेज बता रहा है कि 'तबाही' आने वाली है। मनीष शर्मा के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 'टाइगर सीरीज' की तीसरी फिल्म है। फिल्म के लिए विदेशों में प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है। ब्रिटेन से एडवांस बुकिंग के जो आंकड़े आए हैं, वह यही बता रहे हैं कि 'टाइगर 3' वहां एडवांस बुकिंग में शाहरुख खान की 'पठान' और 'जवान' को पछाड़ सकती है।

ढलती उम्र को धीमा करने के लिए किसी महंगे कॉस्मेटिक की जरूरत नहीं

प्राकृतिक तरीके से ढलती उम्र में दिखें यंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, हार्मोनल लेवल कम होने लगता है। इसके साथ ही त्वचा में भी ड्राइनेस आ जाती है। अगर आपके चेहरे से बुढ़ापा झलकने लगा है, तो यहां कुछ प्राकृतिक तरीके बताए गए हैं, जिनकी मदद से आप अपनी खूबसूरती को बरकरार रख सकती हैं। आपने गौर किया हो, तो ढलती उम्र की महिलाएं अपनी त्वचा को लेकर ज्यादा कॉन्शियस हैं। उन्हें लगता है कि इस उम्र में भी वह सबसे ब्यूटीफुल और अट्रेक्टिव दिखे। इसलिए वे तरह-तरह के कॉस्मेटिक्स का यूज कर रही हैं।

हम सभी जानते हैं कि स्किन को यंग बनाने वाले सभी कॉस्मेटिक्स महंगे और केमिकल युक्त होते हैं। जिसका साइड इफेक्ट थोड़े दिन बाद नजर आता है। देखा जाए, तो उम्र बढ़ना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे हम रोक नहीं सकते। लेकिन कॉस्मेटिक का सहारा लिए बिना ही चेहरे को यंग जरूर दिखा सकते हैं। जी हां, ढ़लती उम्र को धीमा करने के लिए किसी महंगे कॉस्मेटिक की जरूरत नहीं होती। यहां बताए गए प्राकृतिक तरीकों से आप बढ़ती एजिंग पर आसान से नियंत्रण पा सकती हैं।

नेचुरल कॉस्मेटिक का यूज करें

चेहरे को सुंदर बनाना अच्छा है, लेकिन केमिकल वाले कॉस्मेटिक का यूज करने से जितना बचेंगे, उतना आपकी स्किन के लिए अच्छा रहेगा। दरअसल, केमिकल से भरपूर कॉस्मेटिक त्वचा की लोच और बनावट को नुकसान पहुंचाते हैं। यही वजह है कि कम उम्र में चेहरे पर झुर्रियां और गहरे निशान दिखाई देने लगते हैं। इसे कम करने के लिए दूध, खीरा, नींबू, संतरा, शहद से चेहरे की क्लींजिंग करें। इससे त्वचा यंग और फ्रेश नजर आने लगेगी।

एक्सफोलिएट करें

हमारे चेहरे पर हर दिन नए सेल्स बनते हैं और डेड सेल्स त्वचा की सतह पर जमा होने लगते हैं। इसके साथ ही धूल, मिट्टी और गंदगी चेहरे पर चिपककर इसे और खराब कर देती है। जिससे चेहरा डल दिखने लगता है और चेहरे की यंगनेस कहीं गायब हो जाती है। ढलती उम्र में खुद को जवां दिखाना है, तो चेहरे को एक्सफोलिएट करना जरूरी है। यह प्रोसेस गंदगी हटाकर त्वचा में निखार लाने में मदद करती है।

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार लें

हम जो कुछ भी खाते हैं उसका असर शरीर के अलावा हमारे चेहरे पर भी दिखता है। जब हम ज्यादा देर तक धूप के संपर्क में रहते हैं, तो त्वचा उम्र से ज्यादा बूढ़ी दिखने लगती है। ऐसे में एंटीऑक्सीडेंट ही हैं, जो स्किन सेल्स को रिपेयर करने में मदद करते हैं। इसलिए अपनी डेली डाइट में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा ज्यादा होती है। आप गाजर, ग्रीन टी, सी फूड और नट्स का सेवन कर सकते हैं।

एक्सरसाइज करें

आप सोच रहे होंगे कि एजिंग और एक्सरसाइज का क्या कनेक्शन है। पर हमेशा यंग दिखने के लिए एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है। इससे आप फिट और एनर्जेटिक तो रहते ही हैं साथ ही बॉडी के हर सेल को सही ब्लड सर्कुलेशन के जरिए सभी जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं। इसलिए बढ़ती उम्र पर ब्रेक लगाना चाहते हैं, तो दिन में कम से कम चार बार कार्डियो, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और योग जैसी एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

हाइड्रेटेड रहें

कई लोग इस बात पर यकीन नहीं करते, लेकिन त्वचा को सदा जवां बनाए रखने के लिए शरीर में भरपूर मात्रा में पानी होना जरुरी है। ये आपको अंदर से जवां बनाता है। इसके अलावा यह त्वचा के बैरियर फंक्शन को बनाए रखने में भी हेल्प करता है। पर्याप्त मात्रा में पानी हो, तो त्वचा में नमी बनी रहती है और लोच में भी सुधार होता है। जिससे फाइन लाइन्स और रिंकल्स की मौजूदगी कम हो सकती है।